दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली ।। सोमवार 15 जुलाई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 276 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# कलयुगी मां ने बेटे का कराया अपहरण तो मौसी ने बचाया

## पुलिस ने मां और उसके प्रेमी को किया गिरफ्तार

● विजय नगर पुलिस ने डीसीपी सिटी और एसीपी के नेतृत्व में किया अपहरण का खुलासा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कलयुगी मां द्वारा बेटे का पहले अपहरण का नाटक व फिर उसकी ही मौसी के द्वारा बच्चे की जान बचाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन के अंतर्गत विजयनगर पुलिस ने एक ऐसे ही मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने 7 साल के बच्चे के अपहरण का खुलासा करने के मामले में उसकी मां और मां के बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अधिकारियों का दावा है कि आरोपी महिला ने अपने बेटे के अपहरण का नाटक रचा और उसको प्रेमी के साथ मिलकर मौसी के घर पहुंचा दिया। मौसी बच्चे को लेकर पुलिस के पास लेकर पहुंची, बच्चा सकुशल बरामद हो गया है। साथ ही पुलिस ने इस मामले में पूरी घटना का खुलासा करते हुए दो लोगों गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बताया जा रहा है आरोपी महिला का दो लोगों से विवाद चल रहा है। पहले से ही मुकदमे का केस भी कोर्ट में चल रहा है। इसी को लेकर यह पूरा ड्रामा रचा गया था। इस पूरे मामले में मां ने जहां बेटे के अपहरण की झूठी कहानी रची, तो मौसी ने बच्चे की जान बचाते हुए उसे पुलिस के सुपुर्द किया।



### मां और प्रेमी ने रचा था पूरा नाटक



करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने विजय नगर थाने में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी दी की नीरज की प्लानिंग थी कि इस बच्चे को 3 से 4 दिन अपने पास रखा जाएगा। फिर उसको पास की पुलिस चौकी पर छोड़ा जाएगा। उसके बाद पुलिस को बच्चे से प्रेम चोपड़ा व आशु के नाम बता देगा। इसके बाद दोनों युवक को पुलिस जेल भेज देगी। जैसे ही पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू की और नीरज घबरा गया और बच्चे को हापुड़ उसकी मौसी के पास छोड़ गया। रविवार को उसकी मौसी बच्चे को लेकर थाने पहुंची और उसने पुलिस को पूरी घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी महिला और उसके बॉयफ्रेंड नीरज को गिरफ्तार कर लिया है।

### बेटे को बनाया दुश्मनी निकालने का मोहरा

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि 13 जुलाई को विजयनगर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने बेटे के अपहरण की सूचना पुलिस को देती है। तुरंत पुलिस एक्टिव हो गई थी, पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जिसके बाद इस क्राइम में उसका बॉयफ्रेंड भी सहयोगी की भूमिका निभा रहा था, जो सिकंदराबाद बुलंदशहर का रहने वाला है। पुलिस ने रविवार को दोनों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस के अधिकारी भी कहानी जान रह गए दंग



करंट क्राइम : एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने जानकारी दी है कि बच्चे की मां का आशु शर्मा और प्रेम चोपड़ा से विवाद चल रहा है। महिला ने पूर्व में इन दोनों पर रेप का मुकदमा दर्ज करवा चुकी है। यह मामला कोर्ट में चल रहा है। इसके बाद महिला ने दोनों पर मारपीट का एक मुकदमा दर्ज कराया था। अब यह महिला दोनों को जेल भिजवाना चाहती थी, इसलिए उसने अपने बॉयफ्रेंड नीरज के साथ मिलकर बेटे के अपहरण की झूठी कहानी बनाई थी, लेकिन पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए आरोपी महिला और उसके बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### 7 राज्यों की 13 सीटों पर उपचुनाव के नतीजे

# इंडिया ने 10, एनडीए ने 2 सीटें जीतीं एक सीट निर्दलीय के खाते में गई

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश और बिहार समेत 7 राज्यों की 13 सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव के नतीजे शनिवार को आए। इनमें से इंडिया ने 10, एनडीए ने 2 सीटें जीतीं। सभी सीटों पर 10 जुलाई को वोटिंग हुई थी। कांग्रेस ने 4, टीएमसी ने 4, एएपी-डीएमके ने 1-1 सीटें जीती हैं। वहीं, भाजपा के खाते में 2 सीटें गई हैं। एक सीट पर निर्दलीय विजयी हुआ है।



इन 13 सीटों में भाजपा के पास 3 सीटें थीं। कांग्रेस के पास 2, टीएमसी के पास 1, जेडीयू के पास 1, आप के पास 1, डीएमके के पास 1, बीएसपी के पास 1 और निर्दलीय के पास 3 सीटें थीं। नतीजों पर राहुल गांधी ने कहा, 'उपचुनाव के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा द्वारा बुना गया भय और भ्रम का जाल टूट चुका है। किसान, नौजवान, मजदूर समेत हर वर्ग तानाशाही का समूल नाश कर न्याय का राज स्थापित करना चाहता है। अपने जीवन की बेहतरी और संविधान की रक्षा के लिए जनता अब पूरी तरह से इंडिया के साथ खड़ी है। जय हिंदुस्तान, जय संविधान।'

एनडीए ब्लॉक में 13 में से 11 सीटों पर भाजपा और दो अन्य पर खउ्ब, ढटड ने चुनाव लड़ा। इनमें भाजपा मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा और हिमाचल प्रदेश की हमीपुर सीट ही जीत पाई। जेडीयू बिहार की रुपौली और तमिलनाडु की विक्रवंडी सीट हार गई।

इंडिया ब्लॉक में 13 में से कांग्रेस 9, आरजेडी1, सीपीआई (एम) 2 और डीएमके एक सीट पर चुनाव लड़ी। कांग्रेस ने 4 सीटों पर जीत दर्ज की।

# घरवालों से नाराज दसवीं की छात्रा ने किया सुसाइड, गौर होम्स में देर रात मिला शव

## स्वर्ण जयंतीपुरम में नाना-नानी और मां के साथ रहती थी मृतक अंशिका

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली गौर होम सोसाइटी गोविंदपुरम में रविवार की देर रात दसवीं की छात्रा 15 वर्षीय अंशिका ने घर वालों से नाराज होकर बिल्डिंग से कूद कर आत्महत्या कर ली। छात्रा का शव सोसायटी के ही एक ब्लॉक में मिला है। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की शुरूआती जांच बता रही है कि अंशिका परिवार वालों से नाराज चल रही थी, वह शास्त्री नगर स्थित उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स में दसवीं कक्षा की छात्रा थी। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि शुरूआती जांच के बाद छात्रा द्वारा आत्महत्या करने का कारण परिवार वालों से नाराजगी निकलकर आ रहा है।

### छात्रा का शव देख जमा हुई सोसायटी में भीड़



करंट क्राइम : गोविंदपुरम पुलिस चौकी को सूचना मिली थी कि गौर होम सोसाइटी में एक लड़की का शव मिला है। पुलिस ने शव की शिनाख्त की तो शुरू में कुछ जानकारी नहीं मिली। इसके बाद पता चला कि उसकी पहचान अंशिका निवासी स्वर्ण जयंतीपुरम मधुबन बापूधाम के रूप में हुई। छात्रा के सुसाइड करने की सूचना के बाद गौर होम सोसाइटी में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। इसके बाद मौके पर कवि नगर और मधुबन बापूधाम थाना पुलिस पहुंच गई थी।

### माता-पिता का हो चुका है तलाक, नानी नाना के साथ रहती थी अंशिका

करंट क्राइम : पुलिस से जानकारी मिली है कि उत्तम स्कूल में दसवीं कक्षा की छात्रा अंशिका के माता-पिता का साल 2009 से विवाद चल रहा था। उसकी मां का तलाक हो चुका है। वर्तमान में अंशिका स्वर्ण जयंतीपुरम में अपने नाना, नानी के साथ रहती थी। बताया जा रहा है कि शनिवार को वह शाम को घर से निकल गई थी और फिर देर रात परिजनों को उसके आत्महत्या करने की सूचना मिली।

# एडीजी यातायात ने जांचा रूट डायवर्जन का प्लान

## डाक कांवड़ को लेकर रहेगा विशेष प्लान




● पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में शनिवार को हुई बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर शनिवार को पुलिस कमियनरेट सिस्टम में ट्रैफिक को लेकर बैठक ली। यातायात प्रबंधन और बाकी व्यवस्थाओं की प्लानिंग के लिए एडीजी ट्रैफिक के. सत्यनारायण ने पुलिस लाइन में अफसरों के साथ मीटिंग की है। मीटिंग में उन्होंने कांवड़ यात्रा को लेकर पूरा ट्रैफिक प्लान फाइनल कर लिया गया है। साथ ही एडवाइजरी भी जारी की गई है। एडीजी ट्रैफिक ने शनिवार को पुलिस लाइन में पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना, एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह, एसीपी ट्रैफिक जियाऊदीन, एसीपी कांवड़ यात्रा मेला श्वेता यादव के साथ बैठक की और तमाम प्लानिंग को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर कांवड़ियों के प्रवेश रोकने, दिल्ली से मेरठ आने वाले भारी वाहनों के रूट डायवर्जन और बाकी बातों को लेकर पुलिस लाइन में चर्चा हुई थी। कांवड़ यात्रा के दौरान होकर जाने वाले रास्तों पर रूट डायवर्जन और बाकी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की है।





### कांवड़ यात्रा के दौरान नहीं हों सड़क दुर्घटनाएं

करंट क्राइम : एडीजी के. सत्यनारायण ने अफसरों से कहा कि शहर में जाम की समस्याओं को लेकर ई-रिक्शाओं का रूट निर्धारित करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने, सड़क के किनारे अनावश्यक रूप से वाहन खड़े न हो एवं भारी वाहनों को बायीं लाइन में चलाया जाये । ट्रैफिक डायवर्जन होने के उपरान्त स्थानीय पुलिस बल को ब्रीफ कर ड्यूटी लगाने का निर्देश दिया गया है।

### एडीजी ने कांवड़ यात्रा को लेकर दिए ये निर्देश

- पूरे कांवड़ मार्ग पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे, सभी सीसी कैमरों को कंट्रोल रूम से कनेक्ट किया जाएगा। कंट्रोल रूम से ही माइक के जरिए कैमरों को अटैच कर दिशा निर्देश दिए जाएंगे।
- अच्छी कम्युनिकेशन सिस्टम को बनाए, कंट्रोल रूम से ही पूरी यात्रा को हैंडल किया जाए।
- ज्यादा से ज्यादा बोड्र्स लगाए जाएंगे। वाहन पार्किंग, शिविर, मेडिकल कैम्प, रेस्ट एरिया, मंदिर, पेट्रोल पंप, रिचार्ज स्टेशन और रास्तों पर इंडिकेशन बोर्ड लगेंगे। सभी पर बार कोड लगेंगे।
- कांवड़ मार्ग अलग, लाइट वहीकल का मार्ग अलग होगा। हैवी व्हीकलस के लिए रूट डायवर्जन 22 जुलाई से होगी।
- हर दिन यातायात पुलिस पूरी यात्रा की समीक्षा करके रिपोर्ट एसपी यातायात के माध्यम से मुझे दी जाएगी।

# मुरादनगर से लेकर नदिया पार से आ गये उपचुनाव के दावेदार

## शहर सीट की लाइफ लाइन माना जाने वाला लाइन पार कब आएगा बनकर दावेदार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उपचुनाव होना है और उस सीट पर होना है जिस सीट का सबसे बड़ा निर्धारक बिन्दु लाइन पार क्षेत्र माना जाता है। लाइन पार क्षेत्र यानी गौशाला फाटक के उस पार का क्षेत्र, कोटगांव के उस पार का क्षेत्र और ये कहा जाता है कि शहर विधानसभा सीट की लाइफ लाइन ही लाइन पार क्षेत्र है। इस बार शहर सीट पर चुनाव होना है और कमाल ये हुआ है कि यहां से चुनाव लड़ने के लिए नदिया पार से दावेदार आ गये है।




मुरादनगर से दावेदार आ गये हैं ओर लाइन पार वाले अभी खामोश है। ये इलाका हर बार ये डिमांड करता है कि अबकी बार लाइन पार। वो लाइन पार का उम्मीदवार चाहते हैं और जब चुनाव की बेला आ रही है तो लाईन पार वालों ने चुनाव की ताल ही नहीं ठोकी है। इस बार लाईन पार वालों ने तूफान उठा रखा है और लाइन पार वाले साईलेंट मोड पर हैं। अबकी बार लाइन पार का नारा भी सुनाई नही दे रहा है। तो सवाल यही है कि ऐसा क्या है कि नदिया पार से लेकर मुरादनगर वाले जोर लगा रहे हैं और लाइन पार वाले खामोश हैं। कनौजा वाले भी कभी जातीय समीकरण तलाशते हैं कभी टिकट की दावेदारी करते हैं। नदिया पार वाले भाटी से लेकर शर्मा चेहरे का नाम आता है। लेकिन लाइन पार वाले किसी चेहरे ने अभी खुलकर दावेदारी नहीं की है।

### केके शुक्ला से लेकर सुनील यादव क्यों हैं अभी खामोश



करंट क्राइम। लाइन पार क्षेत्र की बात करें तो यहां पर सुनील यादव एक ऐसा नाम हैं जो सक्रिय रूप से राजनीति करते हैं। वो नगर निगम पार्षद रहे हैं। सबसे लंबे कार्यकाल तक निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद पर रहने का रिकार्ड उनके नाम पर है और ओबीसी फैक्टर पर उनकी दावेदारी बनती है। क्षेत्र में एक्टिव रहते हैं। ये चेहरा भी अपनी दावेदारी के रण में खुलकर नहीं आया है। वहीं लाइन पार क्षेत्र से ही केके शुक्ला का नाम भी आता है। केके शुक्ला एक बार नाराज होकर हाथी पर सवार हुए और विधानसभा चुनाव लड़ा। हालांकि वो चुनाव के बाद वापस भाजपा में आ गये। अब उनके सामने अतुल गर्ग भी नहीं है लेकिन वो चुनाव में खुलकर दावेदारी नहीं कर रहे। अंदरखाने टिकट मांग रहें हो तो अलग बात है। लेकिन दावेदारी के एक्टिव मोड वो नहीं है। लाइन पार से ही अगर विधानसभा की दावेदारी की बात की जाये तो यहां यतेन्द्र नागर एक चेहरा हो सकते हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के टिकट पर एमएमएच कॉलेच छात्र संघ अध्यक्ष का चुनाव जीतकर उन्होंने राजनीति की शुरूआत की थी। सक्रिय राजनीति करते हैं और गुर्जर समाज का युवा सक्रिय बड़ा चेहरा हो सकते है। लाइन पार क्षेत्र का जाना पहचाना नाम है। लाइन पार के क्षेत्र की बात करें तो यहां जितेन्द्र त्रिवेदी पुराने कार्यकर्ता हैं। युवा मोर्चा में रह चुके हैं और भाजपा के प्रति उनका समर्पण, सक्रियता सब जानते हैं और लाइन पार क्षेत्र का वो सबसे पुराना भाजपाई चेहरा हैं। यहां अगर जनरल सीट पर दलित फैक्टर की बात करें तो लेख राज माहौर दावेदारी वाले फेम में आ सकते हैं। हालांकि यहीं के लोग कहते हैं कि वो भगवा लहर में भी मौहल्ले वाली पार्षदी हार गये थे। उनकी पत्नी की टिकट मिला था और वो चुनाव नहीं जीत पाईं थी।







### क्या लाइन पार से आयेगा किसी भगवा महिला लीडर का नाम



**करंट क्राइम।** लाइन पार क्षेत्र से अगर महिला नेताओं की बात की जाये तो यहां पर क्रासिंग क्षेत्र से आने वाली रनिता सिंह एक बड़ा चेहरा हैं। महानगर कमेटी में पदाधिकारी हैं। पार्टी का कोई आयाम ऐसा नहीं है जिसमे रनिता सिंह की भागीदारी ना हो। उच्च शिक्षित प्रतिष्ठित परिवार से आती है और उनकी सबसे बड़ी खूबी ये है कि वो अपनी बात दृढता के साथ रखती हैं। गैर विवादित चेहरा हैं और अगर भाजपा ठाकुर नाराजगी को मैनेज कर रही है और डैमेज कंट्रोल की बात हो तो भाजपा का ये ठाकुर चेहरा शहर विधानसभा सीट उपचुनाव के लिए पूरी तरह फिट बैठता है। भाजपा की सक्रिय समर्पित कार्यकर्ता हैं और दावेदारी बनती है। एक नाम की चर्चा और चलती है और वो नाम भाजपा की वार्ड 15 की पार्षद पूनम सिंह का है। पूनम सिंह पहली बार वार्ड का चुनाव जीती हैं। उनका नाम उपचुनाव वाली दावेदारी में महिला कोटे में लिया जा सकता है। पार्टी को तय करना है और यहां पर एक नाम क्रासिंग से और आता है और वो नाम प्रीति चंद्रा राय का है। प्रीति चंद्रा राय व्यापार मंडल वाले परिचय से लेकर सामाजिक संस्थाओं के परिचय तक हैं। भाजपा की राजनीति करती हैं और उनके समर्थक उन्हें विधानसभा उपचुनाव का दावेदार मानते हैं। प्रीति चंद्रा राय उच्च शिक्षित महिला हैं। मुद्दों पर बेहतर बोलती हैं और लाइन पार क्षेत्र की राजनीति की नब्ज भी जानती हैं।





# छह नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर

## अब तक 12 हजार लोग रेस्क्यू, वायुसेना की ली गई मदद

**लखनऊ।** प्रदेश के छह जिले बाढ़ की चपेट में हैं, जहां नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शाहजहांपुर में कनौट, गर्रा और रामगंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर जाने की वजह से तमाम गांव और मुख्य मार्ग बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। वहीं दूसरी ओर सीतापुर में गोमती, बलिया में सरयू, आजमगढ़ में घाघरा, हरदोई में गर्रा और मऊ में सरयू खतरे के निशान को पार कर चुकी है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक लखीमपुर खीरी में शारदा नदी का पानी घट रहा है अथवा स्थिर है। बाराबंकी में घाघरा का जलस्तर फिलहाल स्थिर है। इसी तरह बहराइच, अयोध्या, गोरखपुर, गोंडा में भी नदियों का जलस्तर घट रहा है। बलिया में गंगा, जबकि सिद्धार्थनगर में राप्ती के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। बता दें कि बीते दस दिनों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में करीब 12 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने खुद प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करके अधिकारियों को बाढ़ पीड़ितों की हरसंभव मदद करने का निर्देश दिया है उन्होंने श्रावस्ती में 11 लोगों का रेस्क्यू करने वाले 7 लोगों को प्रशस्ति पत्र और एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार देने की घोषणा भी की है।

### पीड़ितों की मदद करने का निर्देश



राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि पीलीभीत में टापू पर फंसे 7 लोगों को वायुसेना की मदद से एयरलिफ्ट कराया गया है। इसी तरह कुशीनगर में 76 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। वहीं 21,239 से अधिक मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पहुंचाया जा चुका है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 804 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं, जिसमें कुल 1,365 लोग रह रहे हैं। वहीं 1178 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं, जिससे लगातार निगरानी की जा रही है। इन क्षेत्रों में 914 नाव चलाई जा रही हैं। यही नहीं, आपदा से प्रभावित लोगों को 23,93,41 से अधिक लंच पैकेट और 7,345 से अधिक खाद्यान्न सामग्री की किट भी वितरित की गयी है। राहत कार्यों के लिए 12 कंपनी एनडीआरएफ, 9 कंपनी एसडीआरएफ, 23 कंपनी पीएसी और 1 कंपनी एसएसबी तैनात की गयी है।

# सीआरपीएफ के काफिले पर हमला, एक जवान शहीद और एक पुलिसकर्मी घायल

**मणिपुर।** मणिपुर के जीरीबाम में अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने सीआरपीएफ और पुलिस कर्मियों की टीम पर हमला किया। इस हमले में सीआरपीएफ का एक जवान मारा गया और एक पुलिसकर्मी के घायल होने की खबर सामने आई है। पुलिसकर्मी को गंभीर चोटें आईं हैं और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। साथ ही मृतक जवान की उम्र 43 साल बताई जा रही है। इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिले में रविवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने स्टेट पुलिस और सीआरपीएफ की टीम पर हमला किया। बंदूक हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान मारा गया। मणिपुर पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी है।

पुलिस ने आगे जानकारी देते हुए बताया, एक पुलिसकर्मी को भी चोटें आईं, उसे अस्पताल में भर्ती कराया



गया है। मृतक की पहचान बिहार निवासी 43 साल के अजय कुमार झा के रूप में हुई है।

### जवान के सिर में लगी थी गोली

पुलिसकर्मी ने आगे कहा, सीआरपीएफ के जवान के सिर में गोली लगी थी और अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया है। वहीं अन्य घायल पुलिसकर्मी का इलाज चल रहा है, लेकिन वह खतरे से बाहर है।

### सुरक्षाकर्मियों का एक वाहन क्षतिग्रस्त

इस घटना को लेकर एक अन्य अधिकारी ने बताया है कि रविवार के हमले के बाद निकटवर्ती पहाड़ी इलाकों से मोंगबुंग में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। उन्होंने बताया था कि बंदूक हमले में सुरक्षाकर्मियों का एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया था। पुलिसकर्मी ने बताया इससे पहले शनिवार रात को भी गांव में कथित तौर पर गोलियों की आवाज सुनी गई थी।

# पीएम मोदी का 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान बना आंदोलन : अमित शाह

**इंदौर।** इंदौर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 51 लाख पौधे रोपे जाने का संकल्प लिया गया है और रविवार को 11 लाख पौधे रोपे जा रहे हैं। इस आयोजन में हिस्सा लेने आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, प्रधानमंत्री ने पूरे देश की जनता का आह्वान किया और इस वर्षा ऋतु में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को चलाया।

उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब इस अभियान का सूत्रपात किया तो किसी को यह पता नहीं था यह एक नारा आंदोलन बन जाएगा। आज पूरे देश में हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाकर अपनी मां को और धरती माता को एक प्रकार से प्रणाम करने का काम कर रहा है। इंदौर पूरे देश में स्वच्छता के लिए जाना जाता है, इंदौर स्वाद के लिए भी जाना जाता है, इंदौर सुशासन-सहयोग और सहभागिता के लिए भी जाना जाता है। आज से यह इंदौर 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण के नाम से भी जाना जाएगा। आज विश्व कीर्तिमान बनाने जा रहे हैं। अहिल्याबाई की नगरी को यह कीर्तिमान पूरे विश्व में प्रसिद्ध करेगा। इंदौर स्मार्ट सिटी तो बन ही गया था, मेट्रो सिटी बना, क्लीन सिटी भी बना, मॉडर्न एजुकेशन का हब बना और अभी इंदौर ग्रीन सिटी के नाम से जाना जाएगा।" केंद्रीय गृह मंत्री ने वृक्ष को लेकर मत्स्य पुराण में कही गई बात का जिक्र किया। उन्होंने कहा, "10 कुओं के बराबर एक बावड़ी होती है, 10 बावड़ी के बराबर एक तालाब होता है, 10 तालाब के बराबर एक पुत्र होता है और 10 पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है।"



उन्होंने मध्य प्रदेश के वन क्षेत्र की चर्चा करते हुए कहा, "पूरे देश को ऑक्सीजन देने का काम मध्य प्रदेश करता है। मध्य प्रदेश वह राज्य है, जहां 31 प्रतिशत फॉरेस्ट कवर है, राज्य के क्षेत्रफल का 31 प्रतिशत क्षेत्र फॉरेस्ट कवर में आता है और पूरे देश के कुल फॉरेस्ट कवर का 12 प्रतिशत मध्य प्रदेश के अंदर है। इसीलिए राज्य के अंदर पर्यटन का विकास हुआ है।" उन्होंने लोगों से आह्वान किया, "जिन्होंने पौधा लगाया है, वो पौधों को बड़ा करने तक अपने बेटे की तरह इसकी चिंता करें, बाद में यही वृक्ष मां की तरह आपकी चिंता करेगा, इसका मुझे पूरा विश्वास है।"

# सीएम योगी ने कहा 2027 में हम फिर लौट रहे अब मुहर्रम में सड़कें नहीं होतीं सूनी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में 10 सीटों पर होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए सभी को अभी से सक्रिय होना होगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा सांसद के साथ ही विधायकगण, एमएलसी, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन और पार्षद सभी लोग आज से ही 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। हमें एक बार फिर प्रदेश में भाजपा का परचम लहराना है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं और कार्यकताओं को सोशल मीडिया पर सुपर एक्टिव होना होगा और किसी भी प्रकार की अफवाहों का तत्काल खंडन करना होगा। सीएम योगी रविवार को डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### अति आत्मविश्वास ने हमारी अपेक्षाओं को चोट पहुंचाई

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमने यूपी में 2014, 2017, 2019 और 2022 में बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए विपक्ष पर लगातार दबाव बनाए रखा था। 2014 और उसके बाद के चुनावों में जितना मत प्रतिशत भाजपा के पक्ष में था, 2024 में भी भाजपा उतना वोट पाने में सफल रही है, लेकिन वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास ने हमारी अपेक्षाओं को चोट पहुंचाई है। जो विपक्ष पहले हार मान के बैठ गया था, वो आज फिर से उछल-कूद मचा रहा है।



### आज मुहर्रम है ये पता भी नहीं चलता

सीएम योगी ने कहा कि कभी मोहर्रम में सड़कें सूनी हो जाती थीं। आज मुहर्रम हो रहा है ये पता भी नहीं चलता। ताजिया के नाम पर घर तोड़े जाते थे, पीपल के पेड़ काटे जाते थे, सड़कों के तार हटाए जाते थे। आज कहा जाता है कि गरीब की झोपड़ी नहीं तोड़ेंगे, तार नहीं तोड़ेंगे। हमारा स्पष्ट तौर पर निर्देश है कि पर्व और त्योहार मनाना है तो नियमों के अंतर्गत मनाओ, वरना घर में बैठ जाओ। भाजपा ने पूरे देश में विधि और सुशासन की सरकार चला के दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल की चर्चा करते हुए कहा कि तब प्रधानमंत्री मोदी ने सेवा ही संगठन का मंत्र दिया था। उस वक्त भी भाजपा और आरएसएस के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर जनता की सेवा कर रहे थे, मगर अन्य कोई राजनीतिक दल तब नहीं दिखा।

### किसी भी स्थिति में बैकफुट पर आने की आवश्यकता नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 में विपक्ष चुनाव के बाद मारपीट पर उतारू हो गया था। तब हमारे सभी कार्यकताओं को ये लगा कि वास्तव में हमारी सरकार का माफिया मुक्त यूपी का विहान इन्हीं गुंडों के लिए है। आज आपके सहयोग से हमें यूपी को माफिया मुक्त करने में सफलता मिली है। इसके अलावा अयोध्या में श्रीरामलला अपने मंदिर में विराजमान हुए तो 500 वर्षों का इंतजार भी समाप्त हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं को किसी भी स्थिति में बैकफुट पर आने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आपने कार्य किया है। जब आप विपक्ष में थे तब जनता के मुद्दों को लेकर लड़ते थे, जब सरकार में हैं तो यूपी में सुरक्षा का वातावरण देखने को मिल रहा है।

### यूपी में कभी इन्फ्रास्ट्रक्चर कल्पना थी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जाति, मत, मजहब के नाम पर भेदभाव नहीं करते। 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन किसी की जाति, धर्म देखकर नहीं मिल रहा। कोरोना काल में भी भूख से मौत और आत्महत्या नहीं होने दिया गया। उस कालखंड में भी हमारे कार्यकर्ता अपनी जान की परवाह किये बगैर लगातार कार्य करते रहे।

# झारखंड की गठबंधन सरकार ने सभी वर्गों को ठगा है : शिवराज सिंह चौहान

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री और भाजपा के राज्य चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को राजधानी रांची में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके झारखंड की हेमंत सरकार को घेरा। उन्होंने राज्य की गठबंधन सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने सभी वर्गों को ठगा है। भाजपा इनकी पोल खोलेगी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा, इंडी गठबंधन भ्रम और झूठ फैलाता है। झारखंड की धरती पर जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार का 5 साल पूरा होने वाला है। लेकिन, इन सालों में इनकी कोई उपलब्धियां नहीं रही। कांग्रेस और जेएमएम ने चुनाव से पहले घोषणा पत्र और निश्चय पत्र निकाला था। निश्चय पत्र में 144



बातें थी और कांग्रेस के घोषणा पत्र में 317 वायदे थे। लेकिन, इसमें से इन्होंने पूरा क्या किया? झारखंड के विधानसभा चुनाव में सत्ताधारी पार्टी के घोषणा पत्र में किए वायदों पर घेरते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इन लोगों ने इसमें से पूरा क्या किया? इन्होंने सरकारी नियुक्तियां नहीं की, महिला बैंक की स्थापना करने की बात कही गई थी, वो नहीं हुई। 5,000 और 7,000 रुपए बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही गई थी, उसे भी पूरा नहीं किया। उन्होंने आगे कहा कि गठबंधन सरकार के पांच साल पूरे हो रहे हैं, लेकिन उनके वादे पूरे नहीं हो रहे। मैं उनके निश्चय पत्र से ही सवाल पूछ रहा हूं कि 50,000 का ऋण कितनी महिलाओं को मिला? किसानों के लिए बैंक की स्थापना का क्या हुआ।

# अनियंत्रित होकर पलटी रोडवेज बस

## हाइवे की सुरक्षा दीवार तोड़ पार्किंग में गिरी, मची चीख-पुकार

**देहरादून।** मुरादाबाद रोडवेज की बस हरिद्वार आई थी। इसी बीच बस अचानक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद हाईवे की सुरक्षा दीवार तोड़ते हुए बस पलटकर दीनदयाल उपाध्याय पार्किंग के एंट्री गेट पर नीचे गिर गई। हरिद्वार में रविवार शाम मुरादाबाद रोडवेज डिपो की एक बस हादसे का शिकार हो गई। बस अनियंत्रित होकर सीसीआर के सामने ऊंचा पुल पर पलट गई और दीनदयाल उपाध्याय पार्किंग में गेट के पास नीचे जा गिरी। बस के नीचे गिरते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हादसे में करीब 20 यात्री घायल हो गए हैं। घटना शाम करीब साढ़े पांच बजे की है। मुरादाबाद रोडवेज की बस हरिद्वार आई थी। इसी बीच बस अचानक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद हाईवे की सुरक्षा दीवार तोड़ते हुए बस पलटकर दीनदयाल उपाध्याय पार्किंग के




एंट्री गेट पर नीचे गिर गई। पुलिस के मुताबिक बस में लगभग 35 से 40 सवारियां बैठी थीं। 20-25 यात्री घायल हो हुए है। घायलों को 108 एंबुलेंस और स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया। है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि घायलों का उपचार चल रहा है। बस को बाहर निकलवाया जा रहा है।

# कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने तीन आतंकी मार गिराए, हथियार बरामद



**जम्मू कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी अपने नापाक मंसूबों को कायम करने की फिराक में हैं। इसी के मद्देनजर रविवार को भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश की गई। सुरक्षबलों ने इस कोशिश को नाकाम करते हुए तीन आतंकियों को मार गिराया। इनके पास से हथियार और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई है। फिलहाल ऑपरेशन जारी है।

### अखनूर में भी दिखे थे संदिग्ध

इससे पहले जम्मू के सीमावर्ती क्षेत्र के अखनूर सेक्टर में चिनाब नदी के पास गुडा पाटन गांव में संदिग्ध दिखे थे। इसके बाद सुरक्षा बलों का शिकंजा कसता देख आतंकी मौके से फरार होने में कामयाब रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं और लोगों से अपने इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों की कोई भी जानकारी साझा करने को कहा है।

### मजबूत होगी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा ग्रिड

घाटी की स्थिति के मद्देनजर गुरुवार को कठुआ में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी। इसमें तय किया गया था कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा ग्रिड मजबूत होगी। इसे लेकर पंजाब, जम्मू-कश्मीर पुलिस, बीएसएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने कठुआ में बैठक कर मंथन किया था।

### आतंकियों की घुसपैठ रोकने को लेकर लिए गए तीन फैसले

बैठक में आतंकी हमलों पर मंथन के लिए सुरक्षा एजेंसियों का अमला जमा हुआ था। सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ रोकने पर तीन अहम फैसले लिए गए। इसमें दोनों राज्यों के बॉर्डर के साथ लगते नदी नालों की नए सिरे निगरानी, बॉर्डर पर सुरंगें खोजने की विशेष मुहिम चलाने और दोनों राज्यों की पुलिस और बीएसएफ के बीच संयुक्त खुफिया तंत्र का गठन शामिल है। चर्चा की गई कि कहां पर चूक हुई है। इसे कैसे ठीक किया जा सकता है।

### बढ़ेगी सीमा पर चौकसी

तीन घंटे कठुआ पुलिस लाइन में चली बैठक में बीएसएफ के विशेष डीजीपी पश्चिमी कमान वाई बी खुरानिया, पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव और जम्मू पुलिस के डीजीपी आर आर स्वैन मुख्य रूप से शामिल हुए थे।

# डिफेंस कॉरिडोर में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर पर 950 करोड़ रुपये खर्च कर रही योगी सरकार

**लखनऊ।** देश को रक्षा उत्पाद के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश में आकार ले रहे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में योगी सरकार वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप कर रही है। इसके लिए सरकार की ओर साढ़े नौ सौ करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत सड़क, बिजली, पानी, सीवर और सुरक्षा के उच्च कोटि के प्रबंध किये जा रहे हैं। प्रदेश में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड हैं, इनमें से 5 नोड के लिए ये रकम तय की गई है। यूपीडा के अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अब तक करीब 187 करोड़ रुपए के कार्य पूरे हो गये हैं। वहीं 537 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य चल रहे हैं।



यूपीडा की ओर से कराए जा रहे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के कार्यों में अलीगढ़, कानपुर, झांसी, लखनऊ और चित्रकूट नोड में 941.19 करोड़ रुपए खर्च होने हैं। इसमें अलीगढ़ नोड के लिए 122 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जा रहे हैं। यहां 37 करोड़ से अधिक के कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि 61 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य चल रहे हैं। वहीं 13 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों का टेंडर हो चुका है। इसके अलावा तकरीबन 10 करोड़ रुपये आगामी कार्यों के लिए रखा गए हैं। इसी प्रकार कानपुर नोड के लिए 62 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जाएंगे। यहां भी 32 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य हो चुके हैं, 16 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य जारी हैं, जबकि 13 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य के टेंडर हो चुके हैं। ऐसे ही झांसी के लिए सर्वाधिक 517 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य हो रहे हैं। इसमें 102 करोड़ से अधिक के कार्य हो चुके हैं, 376 करोड़ से अधिक के कार्य हो रहे हैं, जबकि 37 करोड़ से अधिक आगामी कार्यों के लिए रखे गये हैं। वहीं लखनऊ नोड की बात करें तो यहां 166 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य हो रहे हैं, इसमें से 14 करोड़ से अधिक के कार्य हो चुके हैं, जबकि 82 करोड़ रुपए से अधिक के कार्य चल रहे हैं। यहां पर 13 करोड़ रुपए

# दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में गोलीबारी 18 साल के बदमाश ने मरीज को मारी गोली

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक युवक ने मरीज की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। फिलहाल हत्या की वजहों का पता नहीं चल सका है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में एक युवक ने मरीज की गोली मारकर हत्या कर दी। पेट में संक्रमण होने के बाद श्रीराम नगर, खजूरी खास निवासी रिजायुद्दीन (32) का



23 जून से अस्पताल में इलाज चल रहा था। फिलहाल रिजायुद्दीन चौथी मंजिल के वार्ड नंबर-24 में भर्ती था। शाम करीब 4.00 बजे करीब 18 साल का युवक पिस्टल के साथ पहुंचा और उसने रिजायुद्दीन को गोली मार दी। बाद में आरोपी फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। फिलहाल हत्या की वजहों का पता नहीं चल सका है।

वहीं, इस मामले को लेकर स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज एक्शन में हैं। उन्होंने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जो भी दोषी उसे बख्शा नहीं जाएगा। सभी अस्पतालों की सुरक्षा का रिव्यू होगा। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'एलजी साहब, आपके आने के बाद पिछले दो साल में दिल्ली की कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। अपराधियों में कानून का खौफ खत्म हो गया है।

दिनदहाड़े अस्पताल में घुस के गोलियां चल रही हैं। कभी तिहाड़ जेल के अंदर पुलिस के सामने हत्या होती है, पुलिस के जवान देखते रहते हैं। कभी कोर्ट के सामने वकील को गोली मारी जाती है। जंगपुरा में दिनदहाड़े घर में घुसकर बुजुर्ग की निर्मम हत्या हो रही है। दिल्ली ने दिनदहाड़े सीसीटीवी कैमरे के सामने हत्या अब आम बात होती जा रही है। अपराधी बेखौफ हैं। दिल्ली पुलिस को राजनीतिक इस्तेमाल के चलते उसे बर्बाद कर दिया गया है।'

**NAME CHANGED**

I, Megha Gupta W/o Mr. Nikhil Kumar Gupta R/o 705, Niti Khand-3, Indirapuram, Ghaziabad, U.P. 201014 have changed my name from Kumari Megha Goel to Megha Gupta for all future purposes.

**खोया-पाया**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 4009728 एकल विषय संस्कृत की मार्कशीट प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें।

जय सिंह यादव ऑर्डिनेंस फैक्ट्री राजकीय इंटर कॉलेज आयुध निमार्णी मुरादनगर गाजियाबाद।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।।सोमवार 15 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित









## नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में आयेगा ट्विस्ट

# सिंह-दत्त-गर्ग और भाटी का नाम माना जा रहा है इन द लिस्ट




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी में 6 नए सदस्य आने हैं। 6 पुराने सदस्य पहले ही पर्ची सिस्टम से बाहर हो चुके हैं। नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव के लिए ही इस बार दो बैठक हो रही हैं। पहली बैठक में निगम कार्यकारिणी सदस्य चुने जायेंगे और दूसरी बोर्ड बैठक में निगम के मुद्दों पर चर्चा होगी। नगर निगम कार्यकारिणी में जाने के लिए कई पार्षद प्रयास कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि यहां पर कार्यकारिणी वाले मामले की फाईल भी महानगर संगठन के पास है और कार्यकारिणी में कौन जायेगा कौन नहीं जायेगा, ये फैसला संगठन से आयेगा। हालांकि बताया ये जाता है कि संगठन से भी सभी नाम मेयर की सहमति के बाद ही आयेंगे। मेयर नगर निगम सदन की मुखिया हैं और कार्यकारिणी के सदस्यों का नाम जब फाईनल होगा तो इस पर मुहर मेयर की लगेगी और घोषणा सदन करेगा। 4 सदस्य भाजपा के और दो सदस्य विपक्ष के आ सकते हैं। यहां ये भी हो सकता है कि पांच सदस्य भाजपा के हों और एक सदस्य विपक्ष का आये। बहरहाल 19 जुलाई को ये सदस्य नगर निगम में घोषित हो जायेंगे। सूत्र बताते हैं कि निगम कार्यकारिणी में जो सदस्य आ रहे हैं उनमें लाईन पार से लेकर नदिया पार के पार्षद शामिल हैं। लाइन पार क्षेत्र से पार्षद पूनम सिंह का नाम निगम कार्यकारिणी के लिए फाईनल माना जा रहा है। यह नाम मेयर खेमे का बताया जाता है। इसके अलावा वार्ड 39 के पार्षद उदित मोहन गर्ग का नाम भी कार्यकारिणी के लिए तय माना जा रहा है। उदित मोहन गर्ग लोकसभा सांसद अतुल गर्ग खेमे के माने जाते हैं। वहीं निगम पार्षद विनिल दत्त के नाम पर भी सहमति की मुहर लग चुकी है और नदिया पार से पार्षद नरेश भाटी का नाम निगम कार्यकारिणी के लिए फाईनल है यहां एक नाम एड हो सकता है और अभी इस नाम पर कोई फैसला नहीं हुआ है।






## कार्यकारिणी उपाध्यक्ष मे चलेगा जाट फैक्टर का ट्रैक्टर




**करंट क्राइम।** निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का पद निगम सदन में महत्वपूर्ण माना जाता है। इस पद पर अनिल स्वामी, सुनील यादव, सरदार सिंह भाटी जैसे चेहरे रहे हैं। इस पद को बोलचाल की भाषा में डिप्टी मेयर कहा जाता है। हालांकि तकनीकी रूप से निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का पद है। निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का भाजपा वाला नाम भाजपा महानगर कार्यालय से आयेगा। बताया जाता है कि इस नाम को लेकर क्षेत्रीय वालों से लेकर महानगर वालों तक सिफारिश के फोन हैं। सूत्र बताते हैं कि इस बार निगत कार्यकारिणी उपाध्यक्ष वाले फैक्टर में जाट बेस का ट्रैक्टर चलेगा। ये नाम ओबीसी फैक्टर पर जाट फैक्टर पर आयेगा। सूत्रों की मानें तो यहां पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी का नाम आ सकता है। प्रवीण चौधरी अधिवक्ता हैं और उनके पास नगर निगम के इस पद पर काम करने का अनुभव भी है। लिहाजा ये नाम चर्चा में है। वहीं सूत्र बताते हैं कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद के लिए सबकुछ फाईन रहा तो ये नाम वार्ड 9 से आयेगा। अगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के लिए क्षेत्रीय कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी ने अगर केयर कर ली तो डिप्टी मेयर वाली कुर्सी पर शीतल चौधरी काबिज हो सकती हैं। वोट समीकरण सबकुछ भाजपा के पक्ष में है यहां केवल उसे उम्मीदवार घोषित करना है और सीट जीतने का साजो समान भाजपा लिए हुए हैं। अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए उसके पास पूर्ण बहुमत है। वहीं निगम कार्यकारिणी पद के लिए यशपाल पहलवान का भी नाम चल रहा है। ये नाम संगठन की च्वाईस बताया जाता है। इसके अलावा इस बात की संभावना है कि दावेदारी जब उम्मीदवारी में बदलेगी जब यहां इन नामों को बदलकर कोई नया नाम भी आ जाये। फिलहाल रेस में प्रवीण चौधरी और शीतल चौधरी के नाम प्रमुख हैं।

**बैठक**



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लखनऊ में आयोजित कार्यसमिति की बैठक में भाग लेने जाते हुए सांसद अतुल गर्ग, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा एवं महामंत्री पप्पू पहलवान।

# दो चौकी प्रभारियों के लाइन हाजिर होने की किसी को नहीं पता चली वजह

## ऐसी क्या थी वजह जो मिली लाइन हाजिर वाली सजा

### कवि नगर और शास्त्री नगर चौकी पर नये प्रभारी हुए पोस्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार की देर रात सिटी जोन में दो चौकी प्रभारियों को नई पोस्टिंग दी गई है। नई पोस्टिंग पाने वाले दोनों उप निरीक्षक मेहनती और नई उम्र के बताए जा रहे हैं। वहीं विभाग के लोगों के बीच इस बात की चर्चा है कि इन दो चौकियों के प्रभारी शास्त्री नगर देवेंद्र और कवि नगर से अशोक को क्यों हटाया गया है। खुद थाने का स्टाफ से लेकर उनके लोकल अधिकारी इस बात से अनजान हैं कि दोनों को लाइन हाजिर की सजा क्यों दी गई है। उधर चर्चा है कि वैसे तो दोनों ही फेस अंडर ट्रांसफर थे, पर लाइन हाजिर किस लिए किया गया है यह किसी को नहीं पता है। उधर विभाग वाले टू- स्टार बता रहे हैं कि विवेचनाओं को लेकर संबंधित मामलों पर यह कार्रवाई वाला हंटर चलाया गया है।



### शास्त्री नगर में लूट के कई मामले थे पैंडिंग

**करंट क्राइम ।** पुलिस विभाग के सूत्रों से जानकारी मिली है की चौकी प्रभारी शास्त्री नगर देवेंद्र को हटाने के पीछे जो जानकारी मिली है, बताया गया है की चौकी में लूट के कई मामले पैंडिंग चल रहे थे। यहां लाखों की एक लूट के साथ ही सरेराह मोबाइल लूट जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था यह मामला खुल नहीं पाया था। वहीं कई अन्य घटनाओं के होने की भी जानकारी पिछले दिनों अधिकारियों को मिली थी।

### दो चौकी प्रभारी बदले गए

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में सिटी जोन के अंतर्गत शनिवार की देर रात दो चौकियों के प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। शास्त्री नगर चौकी के प्रभारी के रूप में ललित कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। तो वहीं कवि नगर चौकी का प्रभार बटुकेश्वर सिंह को बनाया गया है। दोनों ही नई उम्र के उप निरीक्षक हैं। अधिकारियों ने उनकी वर्किंग देखते हुए इन दोनों पर ही भरोसा जताया है।

## शहर सीट पर होने वाला उपचुनाव इस बार दिखाई दे रहा है विद्आउट लहर

# जन राजनीति के फेस ही बनाएंगे यहां चुनावी समीकरण का बेस



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति हमेशा मुद्दों को लेकर होती है। राजनीति हमेशा सड़कों पर उतरकर होती है और राजनीति जनता के बीच रहकर होती है। जन राजनीति का यही समीकरण है और सियासत में लहर तो आती और जाती है लेकिन जन राजनीति के सुर की बहर उन्हीं बातों पर टिकी होती है जो जनता को पसंद होती है। यही वजह है कि जन राजनीति के चेहरे हमेशा जनता के बीच रहते हैं। वो जनता के गम और खुशी में शामिल होते हैं।

वो होली और दिवाली के मिलन पर दिखाई देते हैं और प्रमुख घटनाओं में उनके बयान आते हैं और वो जनता के बीच जाते हैं। शहर सीट उन सीटों में शामिल है जिन दस सीटों पर उपचुनाव होना है। शहर की चुनावी नब्ज के जानकार ये मानकर चल रहे हैं कि अब शहर में वो लहर नहीं है। लिहाजा जिनकी चुनावी नाव लहरों के भरोसे हैं वो सावधान रहें। लोकसभा चुनावों के नतीजों ने ये बता भी दिया है कि लहर खत्म हो रही है। राम की नगरी में भाजपा हार गई और प्रधानमंत्री की जीत भी मात्र सवा लाख वोटों से ही हुई। गाजियाबाद की बात करें तो यहां लोकसभा चुनाव में इसका असर दिखाई दिया है। अगर साहिबाबाद विधानसभा सीट को निकाल दिया जाये तो लोकसभा चुनाव में भाजपा यहां जीतने के लिए संघर्ष करने की स्थिति में आ जाती।

इन सब परिस्थितियों को देखते हुए खुद भाजपा वाले यह मान रहे हैं कि अब होने वाला उपचुनाव भले ही शहर में है लेकिन यह लहर का चुनाव नहीं है। उनका कहना है कि ये उपचुनाव फेस वैल्यू का चुनाव होगा। केवल किसी दल का टिकट मिल जाने से ही चुनावी चुनौतियां हल नहीं होगी। यहां भाजपा को संघर्ष करना है। जीत वाली राहें इतनी आसान नहीं है। लिहाजा यहां पर फेस वैल्यू इसलिए भी आयेगी क्योंकि उपचुनाव में मतदाता को घर से लाना बड़ा काम होता है और अपने वोट को वो ही मतदान केन्द्र तक लाने में सफल होता है जो जनता के बीच का होता है।

### वरिष्ठ परेशान अनदेखी से, देवतुल्य कई बार सुना चुके हैं पीड़ा



**करंट क्राइम।** शहर सीट अतुल गर्ग ने जीत कर भाजपा के नाम की और वो लगातार दो बार इस सीट पर एक बड़े अंतराल से चुनाव जीते। उससे पहले ये सीट कांग्रेस के सुरेन्द्र गोयल ने भाजपा के बालेश्वर त्यागी को हराकर जीती थी और बसपा के सुरेश बंसल ने भाजपा को हराकर जीती थी। इसके बाद जब देश में भगवा लहर आई तो शहर में भी लहर आई और अतुल गर्ग विधायक बने। वो दूसरे बार भी विधायक बने और अब उनके लोकसभा सांसद बनने के बाद ये सीट उन दस विधानसभा सीट में शामिल है जिनमें उपचुनाव होना है। चर्चा भाजपा के बीच है और इसके आसार सोशल मीडिया पर दिखाई भी देते है। भाजपा के कई वरिष्ठ नेता वरिष्ठ कार्यकर्ता अपनी अनदेखी से परेशान है। जिन्होंने पूरी उम्र भाजपा में गुजारी है वो सामने कुर्सियों पर बैठते हैं और मंच के सौफों पर नए नेता हैं। वो इस पीड़ा को कई बार रख भी चुके हैं और पार्टी युवा देवतुल्यों की पीड़ा अपनी जगह है। निगम का बुल्डोजर देवतुल्य कुंजन पंडित की दुकान तोड़ देता है और उसकी लड़ाई समाजवादी लड़ते हैं। प्रभारी मंत्री आते हैं तो देवतुल्य अपनी पीड़ा बताते हैं। विधायक लैटर लिखते हैं मेयर भी चुनाव के बाद कुछ करने की बात कहती हैं लेकिन जून के बाद आधी जुलाई निकल जाती है मगर कोई एक्शन नहीं होता। वरिष्ठ कहते ही रह जाते हैं लेकिन तवज्जों नहीं मिलती। ये वो हालात हैं जो इस बात का संकेत देते हैं कि रसमन वो चुनाव में आ तो जायेंगे लेकिन वोट डालने के लिए वो किसी को घर बुलाने नहीं जायेंगे। ये स्थिति भाजपा के लिए तब चुनौती हो सकती है यदि मुस्लिम इलाकों से भरपूर मतदान हुआ और नीला वोट बैंक तितर बितर न होकर विपक्ष के किसी एक मजबूत प्रत्याशी के साथ चला गया तो यहां समीकरण बदल जायेगा।

### लगा लेंगे कितने जोर कैडर से लेकर कोर

**करंट क्राइम।** हर पार्टी के पास अपना कोर वोटर होता है। हर पार्टी के पास अपना कैडर वोट होता है। यदि कोर और कैडर वोट की बात करें तो यहां पर कोर वोटर की पार्टी भाजपा है और कैडर वोट की पार्टी बसपा है। चुनावी ग्राफ बताता है कि कैडर वोट वाली पार्टी का कैडर गुमशुदा है। विधानसभा चुनावों में केवल एक सीट मिली है और लोकसभा चुनावों में हाथी एक भी सीट नहीं जीत पाया है। यहां पर नीले कैडर वोटों की प्रमुख दावेदार पार्टी के सामने बड़ी चुनौती भीम आर्मी ने दी है। उसके अध्यक्ष नगीना लोकसभा से जीते है और ये कैडर वोट कांग्रेस और सपा की तरफ ट्रांसफर हो रहा है। कहानी कोर वोट वालो की भी यही है और कोर वोट का मतलब वो वोट है जो घर से निकलेगा, वोट करेगा और अपने घर लौट जायेगा। लेकिन लोकसभा नतीजों के बाद कोर वोट यानी संघ की नाराजगी भी दिखाई दी है। अगर इस परिपेक्ष्य में बात करें तो शहर सीट पर उपचुनाव में भी यह नाराजगी दिखाई देगी और ऐसे में फिर कहानी घूम कर उन चेहरों पर आती है जो खुद की एक सियासी वैल्यू रखते हैं जो जनता के बीच रहकर राजनीति करते हैं और दल से ज्यादा उनकी अपनी पहचान है।

### गठबंधन के चुनावी फेस रखते हैं यहां कितना बेस





**करंट क्राइम।** राजनीति तेजी से अपने मानक बदल रही है। राजनीति में नए चेहरे आ गये हैं। राजनीति में अब एक नई विचारधारा है और गाजियाबाद की राजनीति की बात करें तो यहां शिष्ट चेहरों को ही जनता पसंद करती है। डीसी गर्ग से लेकर सुरेन्द्र गोयल तक, रमेश चंद तोमर से लेकर बालेश्वर त्यागी तक, अतुल गर्ग से लेकर सुनील शर्मा तक यहां राजनीति के कुलीन सुशील चेहरे पसंद किये जाते हैं। जनता नेताओं से ये अपेक्षा रखती है कि यदि वो फोन करें तो अधिकारी बात सुने। उन पर कोई संकट आ जाये तो नेता उनकी लड़ाई लड़ें। ऐसे में अपेक्षाओं का ये नजरिया विपक्ष की तरफ भी घूम सकता है। गठबंधन के चेहरे भी यहां स्टोरी में मोड़ ला सकते हैं। अनुभव, छवि और राजनीतिक सक्रियता को मानक माने तो यहां पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी चुनावी फेस भी हैं और एक ऐसे नेता है जो अपना खुद का बेस रखते हैं। कई बार के विधायक हैं और उपचुनाव वाले सीन में वो बड़े आराम से फिट हो रहे हैं। वो किसी भी दल से चुनाव लड़ें लेकिन सियासी हलचल मचा देने की क्षमता रखते है। इसी तरह चुनावी सरगमीयों के बीच सपा के अभिषेक गर्ग का भी नाम आता है। अभिषेक गर्ग सौम्य, कुलीन, उच्च शिक्षित परिवार से आते हैं। स्वच्छ छवि के साथ उनका शालीन लहजा लोगों को पसंद आता है। जन मुद्दों को लेकर लड़ाई लड़ चुके हैं। बुनकरों की लड़ाई से लेकर व्यापारियों की लड़ाई में वो खुलकर सामने आते हैं। उनकी सबसे बड़ी ताकत राजनीति में उनका गैरविवादित होना है और सबसे बड़ी खासियत ये है कि वो कभी पार्टी प्रोटोकॉल के दायरे को कभी क्रास नहीं करते हैं। समाजवादियों के लिए इम्पीरियल के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं। सौम्यता, शालीनता और शिक्षा के साथ ये चेहरा अपनी मजबूत दखल दावेदारी में रखता है। कांग्रेस की बात करें तो यहां डॉली शर्मा और विजय चौधरी के नाम ही चल रहे हैं। डॉली शर्मा अपने तेवरों के लिए प्रसिद्ध हैं लेकिन वो लोकसभा जैसे बडे चुनाव दो बार लड़ चुकी हैं और मिनी सांसद का चुनाव कहे जाने वाले मेयर चुनाव को भी लड़ चुकी हैं। ऐसे में वो शहर विधानसभा जैसी छोटी सीट पर चुनाव लड़ेगीं, इसकी संभावना कम है। कांग्रेस हाईकमान उन्हें आदेश कर दे तो एक अलग बात है। वहीं कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी शहर सीट से एक बेहतर चेहरा हो सकते हैं। मूल रूप से शहर के बीचो बीच उनका परिवार रहता है। जटवाड़े में ही उनकी पूरी पारिवारिक पृष्ठभूमि है। मेयर का चुनाव लड़ चुके हैं और सौम्यता और शिष्ट लहजे के साथ राजनीति करते हैं।

## संपादकीय

# आप पार्टी भी दोषी है!

अदालत ने केजरीवाल और आप पार्टी को हाजिर होने का आदेश सुनाया है। यदि आप अपराध में दंडित की गई, तो चुनाव आयोग पार्टी की मान्यता भी रद्द कर सकता है। पराकाष्ठा की यह स्थिति करीब 12 साल में ही आ गई। आप के राष्ट्रीय संयोजक अर्थात मुखिया केजरीवाल को भी आरोपित बना दिया गया है। मुख्यमंत्री होने के बावजूद वह जेल में हैं। उनकी कैबिनेट में उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन भी लंबे वक्त से जेल में हैं। संदर्भ दिल्ली में नई शराब नीति की आड़ में 100 करोड़ रुपए की घूस और घोटाले का है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत में दाखिल आरोप-पत्र में केजरीवाल को किंगपिन करार दिया है। विडंबना है कि जिस पार्टी की स्थापना भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से हुई थी और जो आज तक कट्टर ईमानदारी और शुचिता के दावे करती रही है, उस पार्टी का अस्तित्व भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के कारण संकट में पड़ गया है। आप के प्रवक्ता और नेता चुनावी बॉन्ड का प्रलाप करते हुए आरोप-पत्र को खारिज नहीं कर सकते। यह ईडी को साबित करना है कि केजरीवाल के खिलाफ चवन्नी भी बरामद नहीं हुई है, फिर भी वह जेल में हैं। साक्ष्य और मनी ट्रेल भी ईडी को ही पेश करने हैं। जांच एजेंसी अभी तक न्यायाधीशों के सामने कुछ साक्ष्य तो पेश कर रही होगी, जिनके आधार पर पदासीन मुख्यमंत्री भी जेल में हैं। अब ट्रॉयल अदालत में होगा और वह ही अंतिम निष्कर्ष देगी। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा की अब कोई भूमिका नहीं है। केजरीवाल लगातार राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की बात अदालत के सामने कह रहे हैं, लेकिन अभी तक अदालत के विवेक पर कोई असर नहीं पड़ा है। दरअसल बुनियादी आरोप 45 करोड़ रुपए की घूस का है, जो राशि हवाला के जरिए, गोवा चुनाव के दौरान, भेजी गई थी। बेशक केजरीवाल पक्ष कुछ भी दलीलें देता रहे, लेकिन बुनियादी लाभार्थी तो आप और उसके मुखिया केजरीवाल हैं। हवाला कारोबारियों की कंपनियों के अलग-अलग नाम हैं, लेकिन उनका जुड़ाव केजरीवाल और आप से था। आरोप-पत्र में चरनप्रीत सिंह के बैंक खाते का जिक्र किया गया है। हवाला का पैसा उस तक आया था और वह गोवा में आप का कार्यकर्ता था। केजरीवाल के वकीलों को साबित करना है कि केजरीवाल और चरनप्रीत के कोई करीबी संबंध नहीं थे। वह पार्टी के आधार पर काम नहीं कर रहा था। गोवा में चुनाव प्रत्याशियों को नकदी पैसा बांटने में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। जिन चुनावी उम्मीदवारों को नकदी पैसा दिया गया, उनके नाम, बयान और ब्योरे भी ईडी ने आरोप-पत्र में दर्ज किए हैं। बैंकों के नोट और उनके सीरियल नंबरों का उल्लेख भी किया गया है। बहरहाल हम इन्हें खाली आरोप मान भी लें, तो अब अदालत को तय करना है कि कौन सच्चा है और कौन अपराधी है? चूंकि आप को लाभान्वित माना गया है, लिहाजा उसे आरोपी नंबर 38 बनाया गया है, जबकि केजरीवाल आरोपी नंबर 37 हैं। सवाल है कि मनी लॉन्ड्रिंग वाले कानून के दायरे में क्या राजनीतिक पार्टी भी आती है? उस पर केस कैसे चलेगा?

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस । पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# सचिन तेंदुलकर ने लगाया है इस शेयर में दांव

## 6 महीने में ही ढाई गुना कर दिया पैसा!



**नई दिल्ली।** डिफेंस सेक्टर की दिग्गज कंपनी आजाद इंजीनियरिंग का शेयर (Azad Engineering Share) उन स्टॉक्स की लिस्ट में शामिल है, जो कम ही समय में अपने निवेशकों के लिए मल्टीबैगर (Mulyibagger Stock) साबित हुए हैं. एयरोस्पेस और डिफेंस बिजनेस से जुड़ी इस कंपनी के शेयर ने बीते छह महीने में ही निवेशकों को 150 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दिया है और उनकी रकम को बढ़ाकर ढाई गुना कर दिया है।

शुक्रवार को आई थी जोरदार तेजी Azad Engineering Share का शेयर बीते सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार (Stock Market) में कारोबार के दौरान तूफानी तेजी के साथ भागा था. दिन के कारोबार के दौरान ये 5 फीसदी तक चढ़ गया था, हालांकि बाजार बंद होने पर आजाद इंजीनियरिंग का शेयर 2.59 फीसदी चढ़कर 1741 रुपये पर क्लोज हुआ था. इस बीच शुरूआती कारोबार में ही ये डिफेंस शेयर 1781.90 रुपये के लेवल तक उछला था।

### मार्केट कैप में भी आया उछाल

इस डिफेंस कंपनी का शेयर न केवल लॉन्ग टर्म में बल्कि शॉर्ट टर्म में भी अपने निवेशकों को मालामाल कर रहा है। शेयर में आई तेजी का असर कंपनी के मार्केट कैप पर भी दिखा है और ये बढ़कर 10280 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। गौरतलब है कि कंपनी के शेयर का 52 वीक का हाई लेवल 2080 रुपये है, जबकि 52 वीक का लो-लेवल 640 रुपये है। बीते सप्ताह भले ही इस शेयर में आखिरी कारोबारी दिन तेजी आई हो, लेकिन पूरे हफ्ते इसकी रफ्तार सुस्त रही थी। लेकिन बीते छह महीने की परफॉर्मेंस निवेशकों को खुश करने वाली है।

### 6 महीने में 1055 रुपये बढ़ी शेयर की कीमत

Azad Engineering Ltd के शेयर में पैसे लगाने वालों को 154.09 फीसदी का रिटर्न हासिल हुआ है. इस हिसाब से देखें तो अगर किसी इन्वेस्टर ने छह महीने पहले कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होंगे और उन्हें अब तक होल्ड रखा होगा, तो ये बढ़कर अब 2.5 लाख रुपये के आस-पास हो गया होगा। दरअसल, 15 जनवरी 2024 को इस एक स्टॉक की कीमत 685.20 रुपये थी, जो अब 1741 रुपये हो गई है। यानी इस शेयर की कीमत में 1055.80 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

### शेयर में तेजी के पीछे की ये वजह

अब बात कर लेते हैं शुक्रवार को आखिर Azad Engineering Share जोरदार तेजी के साथ क्यों भागा? तो बता दें कि कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि आजाद इंजीनियरिंग को सीमेंस एनर्जी ग्लोबल जीएमबीएच एंड कंपनी केजी (Siemens Energy GmbH & Co.), जर्मनी से एक बड़ा ऑर्डर मिला है। ये ऑर्डर पांच साल के लिए मिला है और इसके तहत एडवांस गैस और उनकी ग्लोबल डिमांड्स के लिए जरूरी रोटेशन कंपोनेंट्स की मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई करनी है। इस बड़े ऑर्डर के मिलने की खबर का सकारात्मक असर कंपनी के शेयर पर दिखा और सोमवार को भी इसके प्रभाव नजर आ सकता है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** युविका मित्तल अपने पापा तुषार मित्तल का अभिमान है तो अपनी मम्मी रूमा मित्तल की जान है। वो अपने भईया सर्वम की सर्वोत्तम दीदी है। डीपीएस की गोल्ड मेडलिस्ट युविका मित्तल का हैप्पी बर्थडे है और लाडली बेटी को पूरे परिवार ने आशीर्वाद शुभाशीष देकर उसकी सर्व मंगल सफलता की कामना की।

# 130 के पार जाएगा यह पावर शेयर, खरीदने की लूट

**नई दिल्ली।** अगर आप किसी पावर शेयर में दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए यह काम की खबर हो सकती है। ब्रोकरेज फर्म ने एनएचपीसी लिमिटेड के शेयर पर दांव लगाने की सिफारिश की है। घरेलू ब्रोकरेज हाउस आईसीआईसीआई डायरेक्ट ने पावर पीएसयू स्टॉक एनएचपीसी लिमिटेड को छोटी अवधि में कमाई के लिए चुना है। आईसीआईसीआई डायरेक्ट 132 रुपये प्रति शेयर के टारगेट प्राइस के साथ 3 महीने के लिए एनएचपीसी खरीदने की सलाह दे रहा है। बता दें कि विदेशी निवेशकों की खरीदारी, मॉनसून की चाल और कंपनी के मजबूत नतीजों के चलते घरेलू शेयर बाजार नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। बाजार की इस तेजी के बीच, नवरत्न-दर्जा वाली कंपनी एनएचपीसी ने पिछले दो सालों में 240 प्रतिशत से अधिक रिटर्न दिया है।

**क्या है डिटेल**

आईसीआईसीआई डायरेक्ट ने एनएचपीसी के शेयर पर 132 रुपये टारगेट दिया है और 102 रुपये का स्टॉप लॉस दिया है। 12 जुलाई को, स्टॉक 0.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 113 रुपये पर बंद हुआ था। इस शेयर में मौजूदा कीमत से 17 फीसदी तक की बढ़ोतरी की संभावना है। ब्रोकरेज का कहना है, "बीएसई पावर इंडेक्स कई सालों के ब्रेकआउट के बाद तेजी में है। पिछले छह महीनों में, स्टॉक की कीमत कार्रवाई ने एक कप-एंड-हैंडल पैटर्न बनाया है, जो संरचनात्मक अपट्रेंड का संकेत दे रहा है। नवंबर 2023 से स्टॉक अपने 50-दिवसीय ईएमए से ऊपर बना हुआ है और अब समेकन की अवधि के बाद ब्रेकआउट के कगार पर है।

# निर्यात ने लगाई छलांग, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले- वैश्विक चुनौतियों के बीच पांच फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** भारत ने अप्रैल-मई में निर्यात क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाई है। भारत के निर्यात में इस अवधि में पांच फीसदी का इजाफा हुआ है। इसे लेकर वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के निर्यात में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि अप्रैल-मई के बाद जून में भी निर्यात के आंकड़े सकारात्मक रहे हैं। सबसे ज्यादा सर्विस सेक्टर में इजाफा हुआ है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि रूस-यूक्रेन, इजराइल-हमास युद्ध, लाल सागर संकट और कंटेनर की कमी के बीच भारत का निर्यात सकारात्मक रहा। इसमें सर्विस सेक्टर एक्सपोर्ट में अधिक वृद्धि हुई है। गोयल ने कहा कि मई के बाद भी जून का आंकड़ा बेहद अच्छा है। कुल मिलाकर पहली तिमाही में एक्सपोर्ट बेहतर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय 15 जुलाई को जून महीने के निर्यात का आधिकारिक डाटा जारी करेगा। उन्होंने बताया कि मई में भारत का बिजनेस एक्सपोर्ट 9.1 फीसदी बढ़ा और 38.13 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। वहीं चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-मई में आउट बाउंड शिपमेंट 5.1 फीसदी बढ़कर 73.12 अरब डालर रहा। उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया मिशन और 4जी और 5जी के चलते सर्विस सेक्टर में निर्यात को बढ़ावा मिला है। इससे साफ है कि वैश्विक चुनौती के बाद इस वर्ष भारत माल और सेवा क्षेत्र में निर्यात के 800 अरब अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को पार कर लेगा। 2023-24 में भारत का निर्यात 778.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। एफडीआई को लेकर वाणिज्य मंत्री ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंदी के हालात में सुधार होगा तो इसमें भी बढ़ोतरी होगी। वैसे लगातार भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हो रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और अन्य विकसित देशों में ब्याज दरें ज्यादा हैं, ऐसे में यहां निवेश करना फायदे का सौदा होगा।



उद्योग और आंतरिक संवर्धन विभाग के आंकड़ों के अनुसार भारत में एफडीआई में 2023-24 में 3.49 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। यह 44.42 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। मगर जनवरी-मार्च 2024 में एफडीआई 33.4 फीसदी बढ़कर 12.38 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यह 2023 में 9.28 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। जून में भारत ने 26,565 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त किया।



# भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया

## भारत ने इस टूनार्मेंट का पहला खिताब अपने नाम किया

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 के फाइनल मुकाबले में इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को पांच विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने इस टूर्नामेंट का पहला खिताब अपने नाम कर लिया। ग्रुप स्टेज में भारत को दो मैचों में जीत और तीन में हार मिली थी। हालांकि, बेहतर नेट रनरेट की वजह से युवराज सिंह की टीम ने फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही। वहीं, पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज पर चार मैचों में जीत और एक में हार का सामना करना पड़ा था।



बर्मिंघम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान ने शोएब मलिक की 41 रनों की तूफानी पारी की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में भारत ने अंबाती रायडू के अर्धशतक की बदौलत 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 159 रन बनाए और पांच विकेट व पांच गेंदों के शेष रहते मुकाबला जीत लिया।

157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की दमदार शुरूआत हुई। रॉबिन उथप्पा और अंबाती रायडू के बीच पहले विकेट के लिए 34 रनों की साझेदारी हुई जिसे आमिर ने तोड़ा। उन्होंने उथप्पा को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 10 रन बना सके। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सुरेश रैना कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और चार रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मोर्चा गुरकीरत सिंह मान ने संभाला। उन्होंने रायडू के साथ तीसरे विकेट के लिए 25 रनों की साझेदारी की। रायडू इस मुकाबले में अर्धशतक लगाने में कामयाब हुए। उन्होंने 166.66 के स्ट्राइक रेट से पांच चौके और दो छक्के लगाए। वहीं, मान दो चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। इस मुकाबले में यूसुफ पठान ने 30 रन बनाए। वहीं, युवराज 15 और इरफान पांच रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए आमिर ने दो विकेट चटकाए जबकि सईद अजमल, वहाब रियाज और शोएब मलिक को एक-एक विकेट मिला। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत धीमी हुई थी। कामरान अकमल और शरजील खान के बीच पहले विकेट के लिए 14 रनों की साझेदारी हुई जिसे अनुरीत सिंह ने तोड़ा। उन्होंने शरजील को राहुल शुक्ला के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ 12 रन बना सके। इसके बाद मोर्चा कामरान और सोहेब मकसूद ने संभाला। दूसरे विकेट के लिए दोनों ने 30 रनों की साझेदारी निभाई। मकसूद 12 गेंदों में 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, अकमल चार चौकों की मदद से 24 रन बनाकर आउट हुए। इस मुकाबले में पाकिस्तान के लिए शोएब मलिक ने सबसे बड़ी पारी खेली। उन्होंने 36 गेंदों का सामना किया और तीन छक्कों की मदद से41 रन बनाए। इस मैच में युनिस खान ने सात, मिस्बाह-उल-हक ने 18, आमिर यामीन ने सात रन बनाए। वहीं, शाहिद अफरीदी और सोहेल तनीर क्रमशः चार और 19 रन बनाकर नाबाद रहे।



भारत के लिए अनुरीत सिंह ने तीन विकेट चटकाए जबकि विनय कुमार, पवन नेगी और इरफान पठान को एक-एक सफलता मिली।

# सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले टॉप-10 गेंदबाजों में कितने स्पिनर हैं, कितने तेज गेंदबाज?

**नई दिल्ली।** जेम्स एंडरसन के संन्यास के बाद टेस्ट क्रिकेट का एक युग समाप्त हो गया है। जेम्स एंडरसन ने अपने 21 साल के टेस्ट करियर के दौरान 188 मैच खेले और 704 विकेट हासिल किए। वे सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर हैं। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले टॉप-2 गेंदबाजों में मुथैया मुरलीधरन और शेन वार्न हैं। मुरलीधरन श्रीलंका के ऑफ स्पिनर थे, जिन्होंने 133 मैचों में 800 विकेट लिए, और शेन वार्न ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर थे, जिन्होंने 145 मैचों में 708 विकेट लिए। इस तरह से सर्वाधिक विकेट लेने वाले टॉप-2 स्थानों पर स्पिनरों का कब्जा है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ऐसे बॉलर हैं जिन्होंने टॉप पर स्पिनरों के दबदबे के बीच तेज गेंदबाज की मौजदूगी दर्ज कराई है। तीसरे स्थान पर मौजूद एंडरसन के बाद भारत के अनिल कुंबले का स्थान आता है। लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने 132 टेस्ट मैचों में 619 विकेट लिए हैं और वे चौथे नंबर पर विराजमान हैं। इसके बाद पांचवें और छठे स्थान पर दो तेज गेंदबाजों का नाम आता है।



इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड 167 मैचों में 604 विकेट लेकर पांचवें स्थान पर हैं। अगर केवल टॉप-5 की बात की जाए तो स्पिनरों का बोलबाला है, जिनकी संख्या यहां तीन हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्लेन मैकग्रा 124 टेस्ट मैचों में 563 विकेट लेकर छठे नंबर पर हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का नंबर आता है जिन्होंने 129 मैचों में 530 विकेट लिए हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज कोर्टनी वॉल्श 132 टेस्ट मैचों में 519 विकेट लेकर 8वें स्थान पर है। 9वें नंबर पर भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन हैं, जिन्होंने 100 टेस्ट मैचों में 516 विकेट लिए हैं। अश्विन और लियोन सक्रिय खिलाड़ी हैं और इनके विकेटों की संख्या में अभी बढ़ोतरी की उम्मीद है। 10वें नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन हैं जिन्होंने 93 टेस्ट मैचों में 439 विकेट लिए हैं। छठे से 10वें नंबर की लिस्ट में तेज गेंदबाज स्पिनरों पर भारी पड़ते हैं। यहां तीन पेसर और दो स्पिनर हैं। हालांकि पूरी टॉप-10 लिस्ट पर नजर डाली जाए तो इसमें स्पिनरों और तेज गेंदबाजों की संख्या बराबर 5-5 है।

# जोकोविच बनाम अल्काराज फाइनल के लिए टिकट की कीमतें 10,000 अमेरिकी डॉलर तक पहुंचीं



**लंदन।** नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज के बीच विंबलडन 2024 पुरुष एकल फाइनल के लिए टिकट की कीमतें उच्च मांग के कारण रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। रविवार का खिताबी मुकाबला जोकोविच और अल्काराज के बीच पिछले साल के फाइनल का रीमैच होगा, जहां स्पैनियार्ड ने पांच सेट के रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल कर अपना पहला ग्रास-कोर्ट मेजर हासिल किया था। अमेरिकी खेल कमेंटेटर डेरेन रोवेल का दावा है कि यह इतिहास का सबसे महंगा गेट-इन फाइनल होगा, जिसमें ऑनलाइन टिकट रीसेलिंग प्लेटफॉर्म पर सबसे सस्ते टिकट की कीमत 10,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 8,35,193 रुपये) होगी। रोवेल ने एक्स पर लिखा, ₹जोकोविच-अल्काराज विंबलडन फाइनल खेल के इतिहास में सबसे महंगा फाइनल टिकट होगा। अभी, रविवार के लिए सबसे खराब सीट के टिकट की कीमत 10,000 डॉलर से अधिक है। हालांकि, विंबलडन की आधिकारिक मूल्य सूची में फाइनल के लिए सेंटर कोर्ट सीट के टिकट की कीमत 275 पाउंड (लगभग 29,172.56 रुपये) दिखाई गई है। रविवार को जोकोविच अल्काराज से बदला लेने की कोशिश करेंगे और द ऑल इंग्लैंड क्लब में रोजर फेडरर के आठ ट्रॉफियों के रिकॉर्ड की बराबरी करने का लक्ष्य रखेंगे। यदि वह खिताब जीतते हैं, तो 37 वर्षीय खिलाड़ी टूनार्मेंट के इतिहास में सबसे उम्रदराज चैंपियन बन जाएंगे और रिकॉर्ड 25 मेजर खिताब तक पहुंच जाएंगे।

# 'हम नहीं भेजेंगे टीम', पाकिस्तान पर लाइव शो के दौरान भड़के हरभजन सिंह

भारतीय के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने एक लाइव टीवी शो के दौरान पाकिस्तान पर जमकर भड़ास निकाली और कहा कि भारत अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए खेलने पाकिस्तान नहीं जाएगा क्योंकि हमारे खिलाड़ी वहां सुरक्षित नहीं हैं। चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में होना है और इसके लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। इस बात पर सभी की नजरें है कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करेगी



या नहीं? भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आधिकारिक रूप से इस बारे में कुछ भी नहीं कहा है, लेकिन बताया जा रहा है कि टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी।

हरभजन ने एक टीवी शो में कहा, अगर हमारे खिलाड़ी पाकिस्तान में सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे तो हम अपनी टीम नहीं भेंजेंगे। अगर आप खेलना चाहते हैं तो खेलें, नहीं तो नहीं खेलें। पाकिस्तान के बिना भी भारतीय क्रिकेट चल सकता है।

### पाकिस्तान ने शुरू कर दी है तैयारी

पीसीबी ने इस टूर्नामेंट के लिए तैयारियों शुरू कर दी है, जबकि आईसीसी ने इसके लिए विंडो तलाशना भी शुरू कर दिया है। पीसीबी ने कराची, लाहौर और रावलपिंडी में अपने स्टेडियमों की मरम्मत के लिए लगभग 17 अरब रुपए आवंटित किए हैं। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बोर्ड के सदस्यों को बताया था कि चैंपियंस ट्रॉफी पूरी तरह से पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी और इस महीने के अंत में कोलंबो में होने वाली आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक में इस पर आगे चर्चा की जाएगी

### भारत कर सकता है हाईब्रिड मॉडल की मांग

न्यूज एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय टीम के अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने की संभावना बेहद कम है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के अनुसार, बीसीसीआई आईसीसी से मुकाबले दुबई या श्रीलंका में कराने के लिए कह सकता है। मालूम हो कि इससे पहले, पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाईब्रिड मॉडल के तहत हुआ था जिसमे भारत के सभी मैच श्रीलंका में कराए गए थे।

### भारत-पाकिस्तान के बीच नहीं हो रही द्विपक्षीय सीरीज

भारत और पाकिस्तान के बीच 2012–13 सीजन के बाद से अबतक द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली गई है। भारतीय टीम 2008 के बाद से कभी पाकिस्तान के दौर पर भी नहीं गई है। पिछले साल तत्कालीन केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि भारत पाकिस्तान के साथ तब तक द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज शुरू नहीं करेगा जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद बंद नहीं कर देता।

### सिर्फ आईसीसी टूनार्मेंट में खेलती हैं दोनों टीमें

भारत और पाकिस्तान की टीमें सिर्फ आईसीसी टूनार्मेंट में ही एक दूसरे का सामना करती हैं। पिछले महीने न्यूयॉर्क में दोनों टीमों के बीच टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण का मुकाबला खेला गया था जिसमे भारत ने जीत दर्ज की थी। इससे पहले, 2023 में भारत में हुए वनडे विश्व कप में भी भारत ने ग्रुप चरण के मुकाबले में पाकिस्तान को हराया था। पाकिस्तान ने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारतीय टीम को मात दी थी। पाकिस्तान इस टूनार्मेंट में खिताब का बचाव करने उतरेगा।



# नीरज चौपड़ा-किशोर जेना जैवलिन में भारत को दिला सकते हैं पदक

## नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण के लिए 88.88 मीटर का थ्रो किया

**नई दिल्ली।** किसने सोचा था कि ओलंपिक में भारत जैवलिन थ्रो में एक मजबूत दावेदार होगा। यह एक ऐसा खेल है, जहां भारत कई वर्षों तक संघर्ष करता आया है। लेकिन पहले जूनियर मंच और फिर भारत के लिए ऐतिहासिक टोक्यो ओलंपिक में नीरज चोपड़ा के रूप में भारत को पदक का एक मजबूत दावेदार मिला। यहां से देश भर में जैवलिन की एक ऐसी लहर पैदा हुई कि चंद वर्षों में ही भारत जैवलिन का पावरहाउस बन गया। जैवलिन में ऐसा दबदबा कभी जर्मनी और चेक गणराज्य का हुआ करता था। 'गोल्डन ब्वाय' नीरज चोपड़ा की स्वर्णिम सफलता ने तो अनगिनत भारतीय थ्रोअर्स को प्रेरित किया है, जिसका सबसे बड़ा उदाहरण किशोर जेना हैं। इस एथलीट ने बेशक नीरज चोपड़ा जितनी सुर्खियां नहीं बटोरी लेकिन कौशल में किशोर जेना भी नीरज से किसी भी पैमाने पर कम नहीं हैं। भारतीय जैविलन थ्रोअर एथलीटों ने एशियन गेम्स में भी हिस्सा लिया था। जहां नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण के लिए 88.88 मीटर का थ्रो किया था। वहीं, किशोर जेना ने 87.54 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक हासिल किया था। टोक्यो ओलंपिक जैवलिन थ्रो फाइनल में, चोपड़ा प्रतिस्पर्धा करने वाले एकमात्र भारतीय थे। पिछले सीजन में दमदार प्रदर्शन के बाद इस बार किशोर जेना के भी मैदान में उतरने की उम्मीद है। दुनिया के उभरते भाला फेंक एथलीटों में से एक के रूप में किशोर जेना की साख और उनकी मौजूदा फॉर्म ने नीरज चोपड़ा को विश्वास दिलाया है कि दोनों भारतीय एथलीट इस साल के अंत में पेरिस 2024 ओलंपिक में पोडियम साझा कर सकते हैं।

पेरिस ओलंपिक 2024 के शुरू होने में अब सिर्फ दो हफ्ते बचे हैं। भारत के शीर्ष एथलीटों में उत्साह बढ़ता जा रहा है, जो फ्रांस की राजधानी में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। इस बार ओलंपिक में भारतीय एथलीट्स के पास पुराने सारे रिकॉर्ड्स ध्वस्त करने का सुनहरा मौका रहेगा, क्योंकि भारतीय दल में दुनिया के कई बेहतरीन एथलीट शामिल हैं। ओलंपिक इस साल का सबसे बड़ा इवेंट है, जिसका आयोजन फ्रांस की राजधानी पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होगा। भारत का प्रतिनिधित्व अगल-अलग खेलों में लगभग 120 खिलाड़ियों का दल करेगा। इस समूह में पहली बार ओलंपिक खेलने जा रहे और अनुभवी दिग्गज दोनों शामिल हैं। 2020 टोक्यो ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों की ओर से ऐतिहासिक प्रदर्शन देखने को मिला था। इस बार भारतीय दल से और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

# लुइस डे ला फुएंते का दावा... स्पेन फाइनल में दावेदार नहीं

**बर्लिन।** यूरोपीय चैंपियनशिप का संयुक्त रिकॉर्ड विजेता स्पेन सोमवार को (भारतीय समयानुसार) ओलंपियास्टेडियन बर्लिन में यूरो 2024 के ब्लॉकबस्टर फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा। बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले, कई लोगों का मानना है कि स्पेनियों ने पूरे टूनार्मेंट में जो निर्ममता दिखाई है, उसे देखते हुए वे पसंदीदा हैं, लेकिन मुख्य कोच लुइस डी ला फुएंते ने कहा है कि मैच में 'कोई पसंदीदा नहीं है'। प्री-मैच कॉन्फ्रेंस में डे ला फुएंते ने कहा, कोई पसंदीदा नहीं है। यह एक बराबरी का मैच है, जैसा कि हमारे पिछले नॉकआउट मैच थे। अगर हम उन मैचों में दिखाए गए स्तर से ऊपर नहीं हैं, तो हमारे पास जीतने का मौका नहीं होगा। स्पेन टूनार्मेंट में सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक रही है, वे एक मजेदार, मुक्त-प्रवाह वाली पहचान के साथ खेल रहे हैं, अपने खेल को उस स्तर तक बढ़ा रहे



हैं जिस पर हम ला रोजा को प्रदर्शन करते देखने के आदी हैं। उन्होंने यूरो 2024 में अब तक 13 गोल किए हैं, जो टूनार्मेंट में किसी भी टीम द्वारा सबसे अधिक है, जबकि उन्होंने केवल तीन गोल खाए हैं, जिससे वे अब तक अपने सभी मैच जीतने वाली एकमात्र टीम बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, यहां आना शानदार है और हम फाइनल में पहुंचने के लिए उत्साहित हैं। यह वहां की सबसे बड़ी खेल उपलब्धियों में से एक है। हम निश्चिंत हैं और खेलने के लिए उत्सुक हैं। रविवार को दो सर्वश्रेष्ठ टीमों के बीच एक महान टीम के खिलाफ एक जटिल मैच होगा। दो फाइनलिस्टों में से, स्पेन के लिए बर्लिन की राह निश्चित रूप से कठिन रही है। राउंड ऑफ 16 में टीम ने जॉर्जिया को 4-1 से, क्वार्टर फाइनल में जर्मनी को 2-1 से और सेमीफाइनल में फ्रांस को 2-1 से हराया। स्पैनिश मुख्य कोच ने निष्कर्ष निकाला, ये मैच, जो इतने समान होते हैं, अक्सर बारीक विवरणों द्वारा तय किए जाते हैं। जो टीम सबसे कम गलतियां करेगी उसके जीतने की संभावना सबसे अधिक होगी।

# कोलंबिया के खिलाफ फाइनल मुकाबले से पहले मेसी ने अर्जेंटीना को दावेदार बताया

**मियामी।** लियोनेल मेसी, महानता का पर्याय, एक बार फिर हार्ड रॉक स्टेडियम में 2024 कोपा अमेरिका के फाइनल में कोलंबिया के खिलाफ अर्जेंटीना के मुकाबले के लिए मैदान में उतरेंगे। विश्व चैंपियन पिछले तीन वर्षों में दुनिया के शीर्ष पर रहे हैं। उन्होंने 2021 में कोपा अमेरिका, 2022 फाइनलिसिमा और 2022 फीफा विश्व कप जीता और मेसी की विरासत को सर्वकालिक महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में मजबूत किया। मेसी ने फाइनल से पहले देश को एकजुट करने के इरादे से एक मजबूत संदेश के साथ इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की है। कोपा अमेरिका का आखिरी दिन। एक बार फिर हम अंत तक पहुंच गए... यह अविश्वसनीय रास्ता हर किसी के काम के बिना असंभव होता, वे जो सबसे ज्यादा देखे जाते हैं और जो हमेशा कैमरे के पीछे



रहते हैं।" इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन पर मेसी ने लिखा ₹प्रयास और जुनून के लिए आप सभी को धन्यवाद, टीम के सभी साथियों और कोचिंग स्टाफ, राष्ट्रीय टीम के कार्यकताओं और सभी अर्जेंटीनावासियों को धन्यवाद जो संयुक्त राज्य अमेरिका में हमें प्रोत्साहित करने के लिए आए और उन लोगों को भी जो नहीं आ सके लेकिन हमारा समर्थन किया।" आठ बार के बैलन डी'ओर विजेता की उनके करियर के अधिकांश समय में राष्ट्रीय टीम के साथ कमियों को लेकर आलोचना की गई थी, लेकिन यह सब अतीत में था क्योंकि ला एल्बीसेलेस्टे टीम ने दिखाया है कि वे अपने कप्तान के पीछे खड़े हैं और जीतने के लिए तैयार हैं।" कोलंबिया अपने पिछले 28 मैचों में अजेय रहा है और पूरे टूनार्मेंट में प्रभावशाली रहा है क्योंकि लोन्जों के खिलाड़ियों का लक्ष्य अपनी दूसरी कोपा अमेरिका ट्रॉफी घर लाना है। यदि अर्जेंटीना फाइनल जीत जाता है, तो टीम 16 खिताब के साथ टूनार्मेंट के स्पष्ट रिकॉर्ड विजेता के रूप में उरुग्वे को पीछे छोड़ देगी।

# बीसीसीआई को बीमार अंशुमन गायकवाड़ के लिए 1 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी करने का निर्देश

## एक साल से अधिक समय से ब्लड कैंसर से जूझ रहे पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अंशुमन गायकवाड़

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने देश के क्रिकेट बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह एक साल से अधिक समय से ब्लड कैंसर से जूझ रहे पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अंशुमन गायकवाड़ को वित्तीय सहायता के रूप में 1 करोड़ रुपये जारी करें। 71 साल के गायकवाड़ का पिछले साल से लंदन के किंग्स कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। बीसीसीआई एपेक्स काउंसिल के एक बयान में कहा गया है, जय शाह ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को कैंसर से जूझ रहे भारत के अनुभवी क्रिकेटर अंशुमान गायकवाड़ को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल प्रभाव से 1 करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया है। बीसीसीआई सचिव ने स्थिति का जायजा लेने और समर्थन



देने के लिए गायकवाड़ के परिवार से भी बात की है। बयान में आगे कहा गया, संकट की इस घड़ी में बोर्ड गायकवाड़ के परिवार के साथ खड़ा है और गायकवाड़ के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए जो भी आवश्यक होगा वह करेगा। बीसीसीआई गायकवाड़ की प्रगति की निगरानी करना जारी रखेगा और उसे विश्वास है कि वह इस चरण से मजबूती से बाहर आएंगे। इससे पहले, भारत के 1983 विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने बीसीसीआई से अपने पूर्व साथी गायकवाड़ के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का आग्रह किया था। उन्होंने बताया कि वह मोहिंदर अमरनाथ, सुनील गावस्कर, संदीप पाटिल, दिलीप वेंगसरकर, मदन लाल, रवि शास्त्री और कीर्ति आजाद जैसे अन्य भारतीय महान खिलाड़ियों के साथ अपने टीम के साथी के लिए धन जुटाना चाह रहे हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल पहले व्यक्ति थे जिन्होंने बीसीसीआई से बीमार क्रिकेटर के लिए वित्तीय सहायता देने का आह्वान किया था। मिड-डे के लिए एक कॉलम में, पाटिल ने खुलासा किया कि 71 वर्षीय गायकवाड़ का पिछले एक साल से लंदन के किंग्स कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अस्पताल के दौरे के दौरान, गायकवाड़ ने पाटिल को अपना इलाज जारी रखने के लिए धन की तत्काल आवश्यकता के बारे में बताया। गायकवाड़ की क्रिकेट विरासत उल्लेखनीय है। उन्होंने 1975 और 1987 के बीच भारत के लिए 40 टेस्ट और 15 एकदिवसीय मैच खेले और बाद में दो अलग-अलग कार्यकालों (1997-99 और 2000) में भारत के मुख्य कोच के रूप में कार्य किया। अपने कोचिंग करियर के अलावा, गायकवाड़ ने 1992 -96 के बीच राष्ट्रीय चयनकर्ता के रूप में भी काम किया था।

# ज़िम्बाब्वे के खिलाफ पांचवें टी20 में भारत दे सकता है नए खिलाड़ियों को मौका

**हरारे।** भारत और ज़िम्बाब्वे के बीच आज पांचवां और अंतिम टी20 मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। भारत पहले ही इस सीरीज में 3-1 की अपराजेय बढ़त बना चुका है, लेकिन दोनों टीमें इस मुकाबले को जीतने के लिए जोर लगाएंगी। सीरीज के पहले मैच में जीत हासिल करने के बाद ज़िम्बाब्वे अब तक एकजुट प्रदर्शन करने में कामयाब नहीं हो पाया है। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे, ज़िम्बाब्वे के कप्तान सिंकदर रजा चाहेंगे कि उनकी टीम एक जीत के साथ इस सीरीज का अंत करें लेकिन शुभमन गिल एंड कंपनी भी एक और जीत के लिए पूरी तरह से तैयार है। गिल और रजा पर होंगी सबकी नजरें? अगर ज़िम्बाब्वे इस मैच में भारत को एक अच्छी टक्कर देना चाहता है तो उनके गेंदबाजों को सबसे पहले शुभमन गिल को आउट करने की जरूरत है। गिल ने इस सीरीज में 52.33 की बेहतरीन औसत से अब तक कुल 153 रन बनाए हैं। गिल काफी सूझ-बूझ के साथ काफी टिक कर बल्लेबाजी करने का प्रयास कर रहे हैं।

# विंबलडन महिला युगल जीतने के बाद टाउनसेंड ने कहा, 'पहला ग्रैंड स्लैम जीतना खास

**लंदन।** चेक-अमेरिकी जोड़ी कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने नंबर 2 सीड गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रूटलिफ को हराकर विंबलडन महिला युगल खिताब जीता। सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी की। इस जोड़ी ने दो घंटे चार मिनट में मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन जोड़ी को लगातार सेटों में 7-6(5), 7-6(1) से हराकर यादगार जीत हासिल की। यह जोड़ी के रूप में एक साथ तीसरे टूनार्मेंट में उनका पहला खिताब है। यह सिनियाकोवा की तीसरी विंबलडन डबल्स ट्रॉफी और कुल नौवीं मेजर ट्रॉफी है, जबकि टाउनसेंड पहली बार ग्रैंड स्लैम विजेता बनी हैं। इससे पहले वह यूएस ओपन और रोलां-गैरो दोनों में डबल्स फाइनल में उपविजेता रही थीं। टाउनसेंड ने मैच के बाद कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है और करीब 500 मैसेज मुझे मिले हैं। मुझे नहीं पता था कि इतने सारे लोगों के पास मेरा नंबर है। यह मेरा पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। मैं दो बार इसके



बेहद करीब पहुंच चुकी हूं। हमने इस मुकाबले में अच्छा खेला। हम पूरी तरह से नियंत्रण में थे। जिस तरह से हमने यह मुकाबला अपने नाम किया, वह अच्छा था। इस परिणाम ने सिनियाकोवा के लिए दो महीने के उल्लेखनीय प्रदर्शन को मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने जून में कोको गॉफ के साथ रोलां गैरो खिताब जीतने के बाद लगातार दूसरा मेजर खिताब जीता है। सिनियाकोवा ने कहा, मैं टेलर से सहमत हूं। मुझे लगता है कि यह वाकई एक कठिन मैच था। हमने कमाल का खेल दिखाया। मुझे लगता है कि हम एकजुट हैं। यही बात टीम को और भी मजबूत बनाती है। इसलिए मुझे खुद पर गर्व है। भले ही यह नवां स्लैम हो, मैं हर बार जीत से खुश होती हूं। हर बार अलग और अच्छा महसूस होता है। वहीं, विंबलडन 2024 के महिला एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में चेक गणराज्य की स्टार खिलाड़ी 31वीं वरीयता प्राप्त बारबोरा क्रेजीकोवा ने इटली की सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 2-6, 6-4 से हराकर खिताब जीत लिया।

# अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

## ढाई करोड रुपए की कीमत का डोडा पोस्त बरामद



**मुरादनगर करंट क्राइम।** मादक पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से मुरादनगर पुलिस व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स मेरठ ने अंतरार्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से ढाई करोड़ रुपए की कीमत का लगभग 822 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है। पकड़े गए बदमाश झारखंड से गाजा मंगाकर एनसीआर, पंजाब व हरियाणा में ऑन डिमांड सप्लाई करते थे। एसीपी मंसूरी सर्किल नरेश कुमार ने बताया कि नारकोटिक्स टास्क फोर्स मेरठ ने सूचना दी कि मुरादनगर स्थित दुहाई इण्डस्ट्रियल एरिया में रेलवे लाइन के पास एक मकान में भारी मात्रा में तस्करी करके लाया गया डोडा पोस्त छिपा रखा है। सूचना मिलने के बाद मुरादनगर पुलिस व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स मेरठ की संयुक्त टीम ने बताए गए स्थान पर छापेमारी कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम मुनीर अंसारी निवासी देवचरा थाना भमोरा बरेली ,वीर सिंह निवासी मानकुला थाना बिलारी जिला मुरादाबाद व राहुल निवासी गांव दहा थाना दोघट जिला बागपत बताया। राहुल काफी समय से गांव बसंतपुर सैंतली में किराए के मकान में रहता था। पुलिस ने उनके पास से 821 किलो 700 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है।

# बंद मकान में लाखों की चोरी, रामलला के दर्शन के लिए गया था परिवार



**हापुड।** नगर कोतवाली नगर क्षेत्र की अपना घर कॉलोनी में चोरों ने एक बंद घर में वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित परिवार अयोध्या दर्शन करने के लिए गया था। बताया गया कि चोर लाखों रुपये के आभूषण, नगदी आदि सामान चोरी कर ले गए। हालांकि चोरी किए गए सामान की सही जानकारी पीड़ित परिवार के वापस लौटने पर मिल सकेगी।

दिल्ली रोड स्थित अपना घर कॉलोनी निवासी पूर्व सभासद महेश सैनी में बताया उनके घर के पास ही उनके भतीजा सन्नी सैनी का मकान है। शनिवार को सन्नी अपने परिवार के साथ अयोध्या दर्शन के लिए गए थे। रविवार सुबह को लोगों ने देखा कि सन्नी के घर के दरवाजे खुले हैं। इस पर वह और आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे तो वहां रखा सामना फैला हुआ था। सन्नी को इसकी सूचना दी गई चोरी गए सामान की सही जानकारी वह अयोध्या से लौटने के बाद ही दे पाएंगे। बताया गया कि सन्नी 16 जुलाई को वापस लौट कर आएगा।

### सूचना पर पहुंची पुलिस

चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि नुकसान के बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। पीड़ित के आने पर ही सही जानकारी मिल सकेगी।

# ग्रेटर नोएडा में 10 तालाबों का होगा जीर्णोद्धार

## सभी तालाबों के आसपास 5000 पौधे रोपने का लक्ष्य

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गांवों में स्थित 10 तालाबों का जीर्णोद्धार जल्द होने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसके लिए रोटी क्लब ऑफ दिल्ली को अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के गांव में स्थित तालाबों का जीर्णोद्धार करने के लिए प्राधिकरण प्रयासरत है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के प्रयास से रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली की तरफ से दस तालाबों को गोद लिए जाने के लिए आवेदन किया गया। हाल ही में इन 10 तालाबों के लिए प्राधिकरण की तरफ से एनओसी जारी कर दी गई है। इनमें से 5 तालाबों का जीर्णोद्धार करवाने को जिम्मेदारी वर्क सर्किल-2 के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार को और शेष 5 तालाबों के जीर्णोद्धार की जिम्मेदारी वर्क सर्किल-8 के वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह को दी गई है। ये 10 तालाब ग्राम सैनी, भनोता, भोला रावल , धूम मानिकपुर, खेड़ी, कुलीपुरा, गिरधरपुर, पचायतन, रौनी और चीरसी में स्थित हैं। रोटरी क्लब की तरफ से बताया गया है कि प्रत्येक तालाब के आसपास 5000 वृक्ष लगाए जाएंगे। उनका एक साल तक रखरखाव किया जाएगा। पानी को साफ करने के लिए प्राकृतिक निस्पंदन प्रक्रिया (natural filtration process) को अपनाया जाएगा।



### तालाब का पानी किया जाएगा साफ

तालाब के पानी को साफ करने के लिए ओजोन जेनरेटर की स्थापना की जाएगी। जलाशय के आसपास का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। अगर तालाब के आसपास 5000 वृक्ष लगाना संभावना न हुआ तो प्राधिकरण की तरफ से चिन्हित भूखंड पर यह वृक्ष लगाए जाएंगे। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली के इस पहल की सराहना करते हुए ग्रामीणों से तालाबों के जीर्णोद्धार के कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

# देवभूमि जनकल्याण समिति वसुंधरा का गठन



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** रविवार को देवभूमि जनकल्याण समिति वसुंधरा की नई कार्यकारणी के गठन के लिए आमसभा का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष दीपक भट्ट, संरक्षक कांडपाल, संरक्षक नवीन चंद्र फुलोरिया, संरक्षक सीएस पांडेय, अध्यक्ष दीपक भट्ट, उपाध्यक्ष संजय वर्मा, उपाध्यक्ष एमएस गोसाई, महासचिव महेन्द्र सिह बनेशी, सचिव मनोज कुमार चौहान व अजय जुगरान और शंकर को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

# रसोई से निकले कचरे से महिलाएं घरों में बनाएंगी खाद

● नगरपालिका परिषद मुरादनगर की योजना रंग ला रही है



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 मेरा कचरा मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम के अंतर्गत नगरपालिका परिषद मुरादनगर की महिलाएं 15 जुलाई से 15 सितंबर तक नगर के 500 घरों की रसोई से निकले कचरे से खाद बनाएंगी और घरों में एक सब्जी जरूर उगायेंगी। नगर पालिका ने हंस इंटर कॉलेज के छात्रों को कार्यक्रम की जानकारी दी ताकि बच्चे अपनी मम्मियों को इस कार्यक्रम की जानकारी दे सकें। अधिशासी अधिकारी डॉक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस होम कंपोस्टिंग कार्यक्रम से एक तो गीला सूखा कूड़े का सही निस्तारण होगा और इस ऑर्गेनिक खाद से सब्जियां उगाई जा सकती हैं और खाद बाजार में बिक सकता है। नगर पालिका परिषद मुरादनगर द्वारा खाद बनाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जायेगा और खाद बनाने में प्रयोग में लाया जाने वाला केमिकल भी नगरपालिका परिषद द्वारा दिया जायेगा। कार्यक्रम में एसआई अनिल शर्मा, दुर्गेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान, विवेक सिंघल खाद ट्रेनर सभी को घर घर जाकर ट्रेनिग देंगे। इस अवसर पर विनोद कुमार प्रधानाचार्य हंस इंटर कॉलेज, डॉक्टर अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# रेप और उत्पीड़न से तंग आकर दी जान

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना जेवर क्षेत्र में एक विधवा महिला ने रेप और उत्पीड़न से तंग आकर अपनी जान देदी। बताया जा रहा है कि एक युवक ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ संबंध बनाए। फिर बार-बार उसके साथ रेप करता रहा। आरोपी से तंग आकर पीड़िता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मामले में मृतका की मां ने थाना जेवर में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

### शोषण से तंग आकर खाया जहर

पुलिस को दी शिकायत में मृतका की मां ने बताया कि 17 साल पहले उसने अपनी बेटी की शादी जेवर क्षेत्र के एक गांव में की थी। शादी के बाद एक बेटा और एक बेटी पैदा हुई। कुछ साल बाद उसके पति की मौत हो गई। विधवा होने के कुछ समय बाद ससुराल पक्ष के विजय कुमार ने उसे शादी का झांसा देकर फोन पर बातचीत शुरू कर दी। इस दौरान दोनों के बीच संबंध बन गए। बाद में आरोपी ने किसी और से शादी कर ली। शोषण से तंग आकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। शादी के बाद भी वह उसकी बेटी का मानसिक और शारीरिक शोषण करता रहा। इससे तंग आकर पीड़िता ने 30 जून को जहरीला पदार्थ खा लिया।



### अस्पताल में हो गई मौत

परिजनों ने उसे जेवर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। एक जुलाई को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका की मां ने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में कैब ड्राइवर को सड़क पर पीटा

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के सीआईएसएफ रोड पर शनिवार देर रात सनरूफ खोलकर रील बना रहे युवकों की मोबाइल में वीडियो शूट करना एक कैब ड्राइवर अभय चौहान को भारी पड़ गया। आरोप है कि कार सवार युवकों ने कैब चालक अभय को ओवरटेक रोक लिया। उसके बाद चालक को गाड़ी से बाहर खींचकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान चालक के सिर में डंडा लगने से खून बहने लगा। इतना ही नहीं आरोपियों ने कैब के शीशे डंडे से फोड़ दिए। वाहन चालकों के इकट्ठा होने पर युवक लहूलुहान हालत में चालक सड़क पर पड़ा छोड़कर भाग गए। सोशल मीडिया पर कैब चालक अभय को बुरी तरह पीटने का वीडियो वायरल हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। वहां डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। घायल के रिश्तेदार विशाल ने कार सवार युवकों के खिलाफ इंदिरापुरम कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज कराया है।

# होटल का कूड़ा फेंकने जा रही बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत



**गाजियाबाद।** होटल कंट्री इन से कूड़ा फेंकने जा रही बोलेरो ने अपाचे बाइक सवारों को रौंद दिया। बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। बाइक सवार तीसरा युवक शहजाद गंभीर है बताया जा रहा है कि बोलेरो अवैध तरीक से कूड़ा फेंकने जा रही थी। मामले में नगर निगम के अधिकारियों पर भी गोलमाल करने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। मामला नगर निगम के वसुंधरा जोन का है।

### मरने वालों की पहचान इरशाद और शौकत के रूप में हुई

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो को कब्जे में ले लिया है। कूड़ा लेकर जा रही बोलेरो पिकअप के चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद तफ्तीश शुरू कर दी है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि मरने वालों की पहचान इरशाद और शौकत के रूप में हुई है। बाइक सवार तीसरा युवक शहजाद गंभीर है

### हादसा सुबह करीब पौने छह बजे हुआ

हादसा रविवार सुबह करीब पौने छह बजे उस समय हुआ जब नहर रोड पर अपाचे बाइक सवार तीन युवक हिंडन बैराज से कनावनी गांव की ओर जा रहे थे। बोलेरो पिकअप हिंडन बैराज की ओर जा रही थी। आमने सामने की टक्कर के बाद बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार तीनों युवक लहुलुहान होकर वहीं गिर गए।

### बोलेरो बिजली के खंभे से टकराकर हुई क्षतिग्रस्त

कूड़ा लेकर जा रही बोलेरो पिकअप बिजली के खंभे से टकराने के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दरअसल टक्कर लगने के बाद चालक अपना संतुलन खो बैठा और गाडी सड़क किनारे बिजली के खंभे में जाकर टकरा गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया और तीनों युवकों को अस्पताल भेजा।

### एक की रास्ते में दूसरे की अस्पताल में हुई मौत

कैला निवासी इरशाद की संजयनगर स्थित संयुक्त जिला अस्पताल में मौत हो गई जबकि गौशाला फाटक के पास प्रेमनगर निवासी शौकत ने दिल्ली ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। तीसरे घायल युवक की पहचान शहजाद के रूप में हुई है। वह गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है।

# पार्षद नरेश भाटी ने किया पार्क के सौन्दर्यीकरण कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वसुंधरा वार्ड- 74 के सेक्टर 13 के एलआइजी फ्लैटों में नगर निगम द्वारा कराए जा रहे पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का क्षेत्रीय पार्षद नरेश भाटी ने उद्घाटन किया। पार्षद नरेश भाटी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार गाजियाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने का काम कर रही है। क्षेत्र के सभी पार्कों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

पार्कों का सौन्दर्यीकरण होने से जहां बच्चों को खेलने का स्थान मिलेगा वहीं बड़े बुजुर्ग व्यायाम व सैर करने का आनन्द उठा सकेंगे। इस मौके पर लोगों ने कहा कि क्षेत्रीय पार्षद नरेश भाटी के प्रयासों से अवैध कब्जे हटाकर पार्कों के सौन्दर्यीकरण कराने का कार्य शुरू हो पाया है। इस अवसर पर मोहन सिंह, सरदार सिंह, शेखर, छज्जू राम आदि लोग मौजूद रहे।




# क्या कांवड़ के बाद आएगा कमिश्नरेट में ट्विस्ट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीच-बीच में तीन-चार छोटी-छोटी सी तबादला लिस्ट आ चुकी हैं। इन लिस्ट को लेकर लगातार कई तरीके की चर्चा सुनने को मिल रही हैं। तो वहीं एक बार फिर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं की कांवड़ यात्रा के बाद गाजियाबाद को लेकर कुछ नया फरनाम सुनाई दे सकता है। सूत्रों का कहना है की जिस प्रकार से बीच-बीच में छोटी-छोटी लिस्ट आ रही हैं, उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को लेकर भी कोई हलचल हो सकती है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कई थाना प्रभारी ऐसे हैं जिनको लंबा टाइम हो गया है। उनके फेस बदलने को लेकर भी मंत्रणा चल रही है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कांवड़ यात्रा के बाद कुछ अधिकारियों के फेस और प्लेस बदलने वाली लिस्ट लोकल स्तर पर आएगी। वही लखनऊ मुख्यालय वाले सूत्रों का कहना है कि कई ऐसे आईपीएस अधिकारियों को अभी पोस्टिंग नहीं दी गई है जो अपनी वर्तमान पोस्टिंग से कहीं और जाने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं। सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट में दो आईपीएस अधिकारियों के तबादले को लेकर लखनऊ में जमकर चर्चा है। कहा जा रहा है की कांवड़ यात्रा के बाद इनको लेकर बड़ा फैसला होगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एसीपी स्तर के अधिकारियों का भी जुलाई के बाद कुछ समीकरण बदलने की संभावना है। हालांकि अभी कुछ दिन पहले ही दो एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। तो कुछ के पदभार भी बदले जाने की सूचना मिली है। उधर पीपीएस अधिकारियों की लिस्ट और प्रमोशन को लेकर भी अटकलें खत्म नहीं हो रही हैं। सुनने में आ रहा है कि एसीपी स्तर के दो अधिकारी गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट से जुलाई अंत तक प्रमोशन वाली लिस्ट में शामिल होंगे। इसके बाद पुलिस कमिश्नरेट में एसीपी स्तर के दो सर्किल में बदलाव देखने को मिलेगा। तो वही एडीसीपी स्तर के कार्यक्षेत्र में भी कुछ अदला-बदली की जा सकती है। वहीं लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते कुछ दिनों से भगवा दल वालों की जो गुप्त रिपोर्ट भेजी गई हैं, उसका असर होने ही वाला है। वहीं भगवा दल वालों ने बीते दिनों भी खाकी को लेकर प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम में जो नाराजगी जताई थी, उसका भी वेट हो रहा है।




# वैश्य समाज ट्रांस हिंडन ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वैश्य समाज ट्रांस हिंडन द्वारा 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण हुए बच्चों को प्रोत्साहन के लिए ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद कुसुम गोयल एवं मनोज गोयल के अलावा डॉ. टीना गर्ग, डॉ. नवनीत कंसल, डॉ. सी एस राम, डॉ. आलोक गोयल, महेश गोयल, रामेश्वर दयाल, संस्था की अध्यक्ष रेनू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, रमा गुप्ता, नीतू अग्रवाल व सीमा गुप्ता मौजूद रहे। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए डॉक्टर राम ने कहा कि आप जिस भी लाइन में जाना चाहते हैं पूरा मन लगाएं और कोशिश करें तो आप जरूर कामयाब होंगे। डॉ टीना गर्ग ने भी बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के टिप्स दिये।

# लाइन ठीक करने के दौरान करंट लगने से झुलसा कर्मी

**लोनी।** कोतवाली क्षेत्र के चिरोड़ी गांव में लाइन ठीक कर रहे लाइनमैन रोहित को करंट लग गया। करंट लगने से रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पाकर रोहित के परिजन और ग्रामीण बिजलीघर पहुंचे। पुलिस ने लोगों को शांत कराया। बागपत के रहने वाले ओमवीर ने बताया कि वह खेती करते हैं। उनका बेटा चिरोड़ी बिजलीघर में लाइनमैन है। चिरोड़ी गांव में बिजली की लाइन में फॉल्ट आने पर उनका बेटा रोहित ट्रांसफार्मर पर आए फॉल्ट को ठीक करने पहुंचे थे। रोहित सैड डाउन लेकर लाइन को ठीक कर रहा था। तभी अचानक सप्लाई चालू हो गई। सप्लाई चालू होने से रोहित गंभीर रूप से झुलस गए। आसपास खड़े लोगों ने रोहित को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। रोहित को जीटीबी अस्पताल से दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं आई है। पुलिस जांच कर रही है।

# अमरोहा में बेकाबू डीसीएम ने 12 लोगों को रौंदा

## हापुड़ की युवती की मौत, 4 की हालत गंभीर

**हापुड।** अमरोहा के गजरौला में रविवार दोपहर को भीषण सड़क हादसा हो गया। एक बेकाबू डीसीएम ने सड़क किनारे खड़े 12 लोगों को रौंद दिया। साथ ही इस हादसे में 12 बाइकें भी डीसीएम की चपेट में आ गईं। हादसा देख मौके भी चीख पुकार मच गई। कई लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई।

उधर भीड़ ने डीसीएम चालक को पकड़ लिया और जमकर धुनाई की। साथ ही घायलों को निजी और सरकारी 108 एंबुलेंस से अस्पतालों में भर्ती कराया गया। फिलहाल इस हादसे में एक युवती की मौके पर मौत हो गई है। जबकि 11 लोग घायल हुए हैं, जिनमे से चार की हालत नाजुक बनी हुई है।

रविवार दोपहर को यह हादसा गजरौला में हसनपुर मार्ग पर हुआ। हसनपुर दिशा में जा रही एक डीसीएम अचानक बेकाबू हो गई और सड़क से नीचे उतर गई। इस दौरान सड़क पर खड़े करीब 12 लोग डीसीएम के नीचे आ गए। साथ ही करीब 12 बाइकें भी इस हादसे में क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े।



### पुलिस ने चालक को पकड़ा

आनन-फानन में सभी घायलों को कई एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। अभी तक इस हादसे में एक युवती की डीसीएम के नीचे दबने से मौत हो चुकी है। मरने वाली युवती हापुड़ के उपेड़ा की रहने वाली थी। वह परिवार के अन्य लोगों के साथ आदमपुर थाना इलाके के ढबारसी स्थित एक जन्मदिन में शामिल होने जा रही थी। घायल हुए चार लोगों को गंभीर हालत में हायर सेंटर मेरठ रेफर किया गया है। उधर इस हादसे में पुलिस ने दुर्घटना करने वाली डीसीएम और उसके चालक को अपने कब्जे में ले लिया है।




# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर फायरिंग

## ट्रम्प की ही पार्टी से है 20 साल का हमलावर, पीएम मोदी बोले- मित्र ट्रम्प पर हमले से चिंतित हूं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर फायरिंग हुई है। उनके दाएं कान पर गोली लगी है, लेकिन वो सुरक्षित हैं। बताया जा रहा है कि उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी दी जा चुकी है। घटना भारतीय समय के मुताबिक रविवार सुबह 4 बजे की है। तब अमेरिका में शनिवार के शाम करीब 6.30 बज रहे थे। ट्रम्प अमेरिका के पेंसिल्वेनिया राज्य के बटलर शहर में चुनावी रैली कर रहे थे। ट्रम्प मंच पर आए उन्होंने बोलना शुरू किया- ह्यटेक अ लुक एट वॉट हैपंडह्णह्ण और फायरिंग की आवाज आनी शुरू हुई। चीख-पुकार मचती है, ट्रम्प चौंकते हुए दायां हाथ कान पर रखते हैं और झुक जाते हैं। इस बीच सुरक्षा गार्ड घेरा बना लेते हैं। ट्रम्प खड़े होते हैं, कान और खून से सने चेहरे के साथ दाईं मुट्ठी भींचते हुए कुछ कहने की कोशिश करते हैं। फिर गार्ड उन्हें घेरे में लेते हुए कार में लेकर निकल जाते हैं।

गोलीबारी में रैली में मौजूद एक व्यक्ति की मौत हुई है। 2 गंभीर रूप से घायल हुए। पेंसिल्वेनिया पुलिस ने बताया कि ट्रम्प पर करीब 400 फीट दूर मौजूद इमारत की छत से फायरिंग की गई। अफ-15 राइफल से 8 राउंड गोलियां चलाई गईं। पहले राउंड में 3 और दूसरे राउंड में 5 गोलियां चलीं। पुलिस ने कहा कि संदिग्ध शूटर मारा गया है। उसकी उम्र 20 साल थी। अब तक हमले के मकसद की जानकारी नहीं है।





कान पर लगी गोली

## 52 साल बाद राष्ट्रपति उम्मीदवार पर हमला

अमेरिका में 52 साल बाद किसी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर हमला हुआ है। इससे पहले 1972 में जॉर्ज सी वॉलेस पर गोली चलाई गई थी। वे भी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थे। उन पर एक शॉपिंगसेंटर में गोली चलाई गई थी। इसके बाद वे मरते दम तक व्हील चेयर पर रहे। इससे पहले 1972 में पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी के भाई रॉबर्ट एफ केनेडी पर हमला हुआ था। वे इलेक्शन कैंपेन लॉस एंजिल्स से लौट रहे थे। अमेरिका की जांच एजेंसी ने बताया है कि हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रूक्स के वोटर आई कार्ड से पता चला है कि वो ट्रम्प की ही रिपब्लिकन पार्टी से था। हालांकि, उसने बाइडेन की डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े एक ग्रुप को 15 डॉलर यानी 1250 रुपए का चंदा भी दिया था। पुलिस ने बताया कि ट्रम्प पर फायरिंग करने वाले का नाम मैथ्यू क्रुक्स है। 20 साल के क्रुक्स के फोटो-वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हैं। हालांकि अब तक अमेरिकी पुलिस या ऋइकने इन फोटो-वीडियो की पुष्टि नहीं की है। हमले के बाद डोनाल्ड ट्रम्प सुरक्षित हैं। उढठ के मुताबिक उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। ट्रम्प की टीम ने कहा है कि वे और मजबूत और अपने टारगेट को लेकर समर्पित हैं।

### राष्ट्रपति बाइडेन ने डोनाल्ड ट्रम्प से बात की

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने घटना के करीब 4 घंटे बाद पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की। एक वाइट हाउस अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति बाइडेन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप, पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शपिरो और बटलर के मेयर बॉब डंडॉय से भी बात की है। वाइट हाउस अधिकारियों ने यह भी बताया कि राष्ट्रपति आज ही वाशिंगटन डीसी लौट रहे हैं। वे रविवार सुबह वाइट हाउस में होमलैंड सिक्योरिटी और लॉ एनफोर्समेंट एजेंसी के अधिकारियों से ब्रीफिंग लेंगे।



### शूटर ने राइफल से 8 राउंड फायर की

मीडिया रिपोर्ट्स ने लॉ एनफोर्समेंट के सूत्रों के हवाले से बताया है कि ट्रंप की रैली में शूटर ने एआर स्टाइल राइफल से 8 राउंड तक फायरिंग की थी। वह वेन्यू के पास की एक इमारत की छत पर छिपा था। सूत्रों के मुताबिक गोलीबारी के समय शूटर करीब 250 मीटर दूर था।

**सीक्रेट सर्विस ने शूटर को मार गिराया :** सीक्रेट सर्विस ने बताया है कि ट्रम्प सुरक्षित हैं और उनके चारों तरफ सुरक्षा के उपाय किए गए हैं। वहीं बटलर काउंटी के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी रिचर्ड ए गोल्डिंगर ने इस बात की पुष्टी की है कि शूटर को मार गिराया गया है। इसके साथ ही रैली में मौजूद एक शख्स की भी मौत हुई है।



## अमेरिका में इस साल होने हैं आम चुनाव

अमेरिका में इस साल आम चुनाव के लिए मतदान होना है। उससे पहले सभी सियासी दलों के नेता जोर-शोर से अपने प्रचार में जुटे हैं। इस बीच, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर गोलीबारी की गई। अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारी की पहचान थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में हुई है, जो रिपब्लिन पार्टी से जुड़ा हुआ था। उसकी उम्र 20 साल थी और वह नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव में पहली बार मतदान करने वाला था।

**बेथेल पार्क का रहने वाला था हमलावर :** अधिकारियों ने कहा कि क्रुक्स पिट्सबर्ग के बेथेल पार्क उपनगर में रहता था। ये जगह ट्रंप के रैली स्थल से करीब 56 किलोमीटर दक्षिण में हैं। ट्रंप रैली में ऊंचे स्थान पर थे। इस दौरान पर क्रुक्स ने गोली चलाई। जिसके बाद सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने उसे गोली मारकर मार गिराया।

**मतदाता सूची में हमलावर का नाम :** सीएनएन के मुताबिक, क्रुक्स ने पहले डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े समूह में एक छोटा सा योगदान दिया था। एक स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उसने 2022 में बेथेल पार्क हाई स्कूल से स्नातक किया था। पेंस्लिवेनिया की मतदाता सूची के मुताबिक, आरोपी रिपब्लिकन पार्टी से जुड़ा हुआ था और मतदाता के रूप में पंजीकृत था। सीएनएन ने कहा कि वह इस साल राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने का पात्र था।

**हमलावर के पिता ने क्या कहा :** देश के चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि थॉमस क्रुक्स का नाम चंदा देने वालों की सूची में है और उसने जनवरी 2021 में डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़े एक समूह के प्रोग्रेसिव टर्नआउट प्रोजेक्ट के लिए 15 डॉलर दिए थे।

### पीएम मोदी ने दुख जताया




भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'मेरे मित्र पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।



### ओबामा बोले- मिशेल और मैं ट्रम्प के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हमारी डेमोक्रेसी में राजनीतिक हिंसा के लिए बिल्कुल भी जगह नहीं है। हालांकि हम अभी तक ठीक से नहीं जानते कि क्या हुआ था, हमें इस बात की राहत है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को गंभीर चोट नहीं आई है। मिशेल और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।


### कमला हैरिस बोलीं- ट्रम्प के लिए प्रार्थना कर रही हूं



उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि मुझे पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के पेंसिल्वेनिया में हुए कार्यक्रम में गोलीबारी की जानकारी दी गई है। डग और मैं राहत महसूस कर रहे हैं कि उन्हें गंभीर चोट नहीं आई है। हम उनके उनके परिवार और इस बेवजह की गोलीबारी में घायल हुए सभी लोगों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। हम अमेरिका की सीक्रेट सर्विस, फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स और स्थानीय अधिकारियों के तत्काल कार्रवाई के लिए आभारी हैं। हमारे देश में इस तरह की हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हमें सभी को इस घृणित कृत्य की निंदा करनी चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि इससे और अधिक हिंसा ना हो।

### राष्ट्रपति जो बाइडेन बोले- अमेरिका में ऐसी हिंसा को जगह नहीं

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस घटना को लेकर प्रेस ब्रीफिंग की। उन्होंने कहा कि अमेरिका में इस तरह की हिंसा की कोई जगह नहीं है। हमें एक देश के तौर पर एकजुट होकर इसकी निंदा करनी चाहिए। बाइडेन ने कहा कि उन्होंने ट्रम्प से कॉन्टैक्ट करने की कोशिश की, लेकिन ट्रम्प इस वक्त डॉक्टरों के साथ हैं इसलिए बात नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि वे शाम को फिर से कोशिश करेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि मुझे डोनाल्ड ट्रम्प की रैली में शूटिंग के बारे में पता चला है। मैं यह जानकर शुक्रगुजार हूं कि ट्रम्प सुरक्षित हैं और उनकी हालत ठीक है। इस घटना से जुड़ी जानकारियां मिलने का इंतजार करने के साथ मैं ट्रम्प और उनके परिवार के लिए और साथ ही रैली में मौजूद सभी लोगों के लिए प्रार्थना कर रहा हूं। जिल और मैं सीक्रेट सर्विस के आभारी हैं कि उन्होंने ट्रम्प को सुरक्षित जगह पहुंचाया।



## स्कूल का दो मंजिला भवन ढहने से 16 छात्रों समेत 21 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां, एक विद्यालय का दो मंजिला भवन ढह गया। इस हादसे में 16 छात्रों समेत 21 लोगों की मौत हो गई। बताया गया है कि हादसे के समय स्कूल में परीक्षा चल रही थी।




**प्लैटो राज्य के जोस शहर में हुआ हादसा :** नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) का कहना है कि यह हादसा प्लैटो राज्य के जोस शहर में हुआ। इनईएमए ने आगे बताया कि हादसे में 30 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्लैटो राज्य की सरकार का कहना है कि हादसे के बाद मौके पर करीब 120 लोग फंस गए थे। राज्यपाल कालेब मनश्शे मुतफवांग ने इस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सेंट एकेडेमिक स्कूल के छात्रों और कर्मचारियों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

**जर्जर हो चुका था विद्यालय का भवन :** राज्य सरकार का कहना है कि हादसे से बचा जा सकता था। दावा किया गया है कि विद्यालय का भवन जर्जर हो चुका था लेकिन, इसकी मरम्मत नहीं की गई। राज्यपाल ने बताया कि अस्पताल में भर्ती किए गए लोगों के परिवारों से दस्तावेज और इलाज का खर्च ना मांगा जाए। इसके अलावा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि राज्य में जर्जर हो चुके विद्यालयों को जल्द से जल्द बंद किया जाए।

## फलस्तीन के मसले पर भारत ने शांतिपूर्ण समाधान पर जताई प्रतिबद्धता, यूएन में द्वि-राष्ट्र समाधान पर दिया जोर

**वाशिंगटन।** भारत ने जटिल फलस्तीन मसले के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपनी ऐतिहासिक और अटूट प्रतिबद्धता जताई है। उसने बातचीत के आधार पर दो देश समाधान का समर्थन किया जिससे इस्राइल के साथ शांति से फलस्तीन के संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य देश की स्थापना हो सके।

### द्वि-राष्ट्र समाधान पर भारत का जोर

संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत आर रवींद्र ने फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के एक सम्मेलन में यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा बातचीत के आधार पर द्वि-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया है, जिससे फलस्तीन के एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य राष्ट्र की स्थापना हो सके। उन्होंने फलस्तीन के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की ऐतिहासिक और अटूट प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि भारत ने गाजा में चल रहे इस्राइल-हमास संघर्ष पर एक सैद्धांतिक रुख अपनाया है और महिलाओं तथा बच्चों समेत नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की है। आर रवींद्र ने कहा कि पिछले वर्ष 7 अक्तूबर को किया गया बर्बर हमले की भारत कड़ी निंदा करता है और सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई की मांग करता है।



### फलस्तीन की मदद करने में अग्रणी रहा है भारत- आर रवींद्र

आर रवींद्र ने आगे कहा कि भारत, फलस्तीन के लोगों के लिए एक विश्वसनीय विकास भागीदार रहा है। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न रूपों में भारत ने फलस्तीन की लगभग 120 मिलियन अमेरिकी डॉलर की विकासात्मक सहायता की है, जिसमें यूएनआरडब्ल्यूए में योगदान के रूप में 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम इस वर्ष भी अपना पांच मिलियन डॉलर का वार्षिक योगदान जारी रखेंगे। भारत फलस्तीन के 50 छात्रों को भारत के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है। आर रवींद्र ने कहा कि जीवनरक्षक दवाओं के लिए फलस्तीनी प्राधिकरण से भी एक अनुरोध मिला है जिस पर भारत द्वारा सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है।



## अवैध शादी के मामले में पूर्व पीएम इमरान खान बरी

### भ्रष्टाचार के मामले में जेल में ही रहना होगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को पूर्वप्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को गैर-इस्लामिक विवाह मामले में बरी कर दिया है, लेकिन भ्रष्टाचार के एक अन्य मामले में इमरान खान को अभी जेल में ही रहना होगा।

इस्लामाबाद जिला और सत्र अदालत ने शनिवार को इद्दत मामले में अपनी सजा के खिलाफ 71 साल के इमरान और 49 साल की बुशरा बीबी की दायर अपील को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, गैर-इस्लामिक शादी के मामले में बरी होने के लगभग एक घंटे बाद ही राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने उन्हें एक नए तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार कर लिया। इससे कुछ समय के लिए ही जेल से रिहा हुए इमरान खान की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान पिछले साल अगस्त से जेल में हैं।

**एनएबी ने इमरान और बुशरा बीबी की गिरफ्तारी की पुष्टि की :** एनएबी के उप निदेशक मोहसिन हारून ने पुष्टि करते हुए बताया कि इमरान और बुशरा बीबी को ताजा तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया गया है। इमरान खान और उनकी पत्नी पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पार्टी की सरकार के दौरान उपहार भंडार से कम कीमतों पर गिफ्ट लेने के बाद उसे ऊंचे दामों पर बेच दिया। यह तीसरा तोशाखाना मामला है। जबकि पिछले दो तोशाखाना मामलों में खान की सजा को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने निलंबित कर दिया था।

### आरक्षित सीटों के मामले में कोर्ट कर चुका है बरी

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी पीटीआई को शुक्रवार को एक बड़ी कानूनी जीत मिली थी। दरअसल, शीर्ष अदालत ने पार्टी को नेशनल और प्रांतीय असेंबली में आरक्षित सीटों के लिए पात्र माना है। सर्वोच्च न्यायालय 13 सदस्यीय पीठ ने अपने 8-5 के बहुमत से फैसला दिया। शीर्ष अदालत ने पेशावर उच्च न्यायालय (पीएचसी) के फैसले को रद्द किया। जबकि चुनाव आयोग के फैसले को भी अमान्य घोषित किया और इसे पाकिस्तान के संविधान के खिलाफ बताया।

### जानिए क्या है तोशखाना

तोशखाना कैबिनेट डिवीजन के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक विभाग है। जो अन्य सरकारों, राज्यों के प्रमुखों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को दिए गए बहुमूल्य उपहारों को संग्रहीत करता है।

## दक्षिणी गाजा में इस्राइली हमले में 90 लोगों की मौत, करीब 300 घायल

### नेतन्याहू बोले- हमास का सैन्य कमांडर था निशाने पर

**गाजा।** दक्षिणी गाजा में इस्राइली हमले में शनिवार को 90 लोग मारे गए और करीब 300 लोग घायल हो गए। हमले के बाद इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, हमास के सैन्य कमांडर को निशाना बनाया गया था। अभी भी पूर्ण निश्चितता नहीं है कि मोहम्मद डेफ और दूसरे हमास कमांडर राफा सलामा मारे गए थे। हालांकि, हमास ने इस्राइल के इस दावे को खारिज कर दिया किय डेफ हमले के दौरान क्षेत्र में था। हमास ने कहा कि ये झूठे दावे केवल भीषण नरसंहार के पैमाने को छिपाने के लिए हैं। यह हमला उस क्षेत्र में हुआ, जिसे इस्राइल की सेना ने हजारों फलस्तीनियों के लिए सुरक्षित घोषित किया था।

बता दें कि हमास के शीर्ष अधिकारी डेफ और याह्या सिनवार को इस्राइल सात अक्तूबर को हुए हमले का मुख्य साजिशकर्ता मानता है। इस हमले में दक्षिणी इस्राइल में लगभग 1200 लोग मारे गए थे। डेफ लंबे समय से इस्राइल की सर्वाधिक वांछित सूची में शीर्ष पर है। सात अक्तूबर को हमास ने अल अक्सा प्लड ऑपरेशन की घोषणा करते हुए डेफ की एक वॉइस रिकॉर्डिंग जारी की थी।




डेफ की जीत से इस्राइल को बड़ी जीत मिलेगी। वहीं, हमास को झटका लगेगा। शनिवार को इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने फिर दोहराया कि जब तक हमास की सैन्य क्षमताएं नष्ट नहीं हो जातीं, तब तक इस्राइल युद्ध समाप्त नहीं करेगा। डेफ की मौत उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी। उन्होंने कहा कि हमास के सभी नेताओं को मौत के घाट उतार दिया गया है। जब हमला हुआ तो आसपास कोई बंधक नहीं था। हमले के बाद इस्राइली सेना ने दावा किया है कि अतिरिक्त आतंकवादी नागरिकों के बीच में छिपे हुए थे। हमला खान यूनिस के एक बाड़ वाले क्षेत्र पर हुआ, जिसे हमास द्वारा चलाया गया था। एक इस्राइली अधिकारी ने हमले को सटीक बताया। कहा कि यह परिसर सलामा का था। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हमला इस्राइल द्वारा सुरक्षित घोषित किए गए मुवासी क्षेत्र में हुआ, जो उत्तरी राफा से खान यूनिस तक फैला हुआ है।







# एनजीटी के आदेश के बावजूद रिवर गंगा कैनाल पर पेड़ों का अवैध कटान जारी : सत्येन्द्र सिंह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पर्यावरणविद् सत्येन्द्र सिंह ने कहा है कि कांवड़ मार्ग बनाने के लिए रिवर गंगा कैनाल में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई बे-रोकटोक चल रही है। सवा लाख पड़ों की बलि दी जा रही है जिसे किसी भी रूप से उचित नहीं ठहराया जा सकता। पर्यावरणविद् ने कहा है कि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों के कटान से तमाम पक्षी मोर , तोते, गौरैया के अलावा छोटे बड़े जानवरों को यहां से जाना पड़ेगा । उन्होंने कहा है कि नहर के किनारे ५ मीटर की सड़क पहले से ही मौजूद है फिर भी उससे अलग 25-30 मीटर सड़क और बनाई जा रही है।



## 15 दिन की कांवड़ यात्रा के लिए सवा लाख पेड़ों की बलि देने का औचित्य !

करंट क्राइम। सत्येन्द्र सिंह ने कहा है कि एनजीटी ने पूरे मार्ग की सरकार से सैटेलाइट इमेज मांगी है तथा पेड़ों के अवैध कटान पर रोक लगाने को कहा है। पर्यावरणविद् का कहना है कि 15 दिन की कांवड़ यात्रा के लिए क्या सवा लाख पेड़ों की बलि देना आवश्यक है ? उन्होंने तर्क दिया है कि हिन्दू धर्म में पेड़ों को काटना निषेध किया गया है और उसकी तुलना पुत्र के समान की गई है । कहते हैं सब वेदपुराण एक वृक्ष दस पुत्र समान इस कहावत को अंगीकार करने का अब समय आ गया है। अगर अब भी हम नहीं चेते और पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण नहीं किया तो हमारी आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। सत्येन्द्र सिंह ने कहा है कि १५-२० मीटर के पेड़ अनायास ही काटे जा रहे हैं जो कि बहुत ही दु :खद है। जब मौके पर पहले से ही 5-7 मीटर की सड़क मौजूद है तो फिर अलग से 15 मीटर बनाने की क्या जरूरत है ?

कोर्ट ने भी कहा है कि जब यूपी से सड़क ४ लेन की जा रही है और आगे जाकर उत्तराखण्ड में १ लेन में मिल रही है तो फिर 15-20 मीटर की सड़क बनाने का क्या औचित्य है । जबकि उत्तराखंड के मुख्य सचिव ने एनजीटी में अपने यहां इस तरह की कोई भी सड़क बनाने से साफ मना किया है वहीं यूपी के अधिकारियों का कहना है कि पेड़ों को ट्रांसलोकेट किया जा रहा है।

# महानगर महिला कांग्रेस ने भी उपचुनाव में जीत पर खुशी जताई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महिला महानगर कांग्रेस ने सात राज्यों के उपचुनाव में पार्टी की भारी जीत पर मिठाई वितरण कर खुशी मनाई । इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सोनल नागर ने कहा कि यह जीत सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की लगन और मेहनत की जीत है।

जनता ने धर्म और जाति से ऊपर उठकर वोट किया और आगामी गाजियाबाद विधानसभा के उपचुनाव में में भी कांग्रेस जीत दर्ज करेगी। इस मौके पर कशिश गुर्जर, माया देवी, सीमा शर्मा के अलावा अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लखनऊ में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में भाग लेते पूर्व मेयर अशू वर्मा, लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर, पूर्व महानगर अध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी।

# सात राज्यों के उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर महानगर कांग्रेस ने मिठाई बांटी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** घंटाघर कंपनी बाग स्थित महानगर कांग्रेस कार्यालय पर रविवार को सात राज्यों में 13 सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस को भारी जीत मिलने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। इसके अलावा घंटाघर चौक पर बालूशाही वितरण कर आम जनमानस के साथ खुशी बांटी गई। महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि यह जीत राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के कठिन परिश्रम की जीत है। इस अवसर पर सोनल नागर अध्यक्ष महिला महानगर कांग्रेस, अजय वर्मा प्रवक्ता, विजयपाल चौधरी जिला अध्यक्ष ओबीसी प्रकोष्ठ, त्रिलोक सिंह, माया देवी पूर्व पार्षद, श्रीराम शर्मा, बाबूराम शर्मा, बलि हसन अध्यक्ष महानगर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, हाजी खुर्शीद, अमित गोड, संजय सिरोही, इस्माइल खान, सलमान मंसूरी, संजय चौधरी, कुलभूषण, रितेश कसाना, सीमा शर्मा, आसिफ सिद्दीकी, साहिल, लक्ष्मण सिंह, पवन शर्मा, अरविंद शर्मा, निजामुद्दीन, धीरेंद्र पाल हरिराम भारद्वाज, विक्रांत चौधरी, महेंद्र गौतम व कासिम प्रधान समेत आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# बबीता डागर बनी सुभास पार्टी महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ( सुभास पार्टी ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव व पार्टी संस्थापक सतेंद्र यादव ने बबीता डागर को सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी महिला प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है।



इसके अलावा श्यामवीर यादव को प्रदेश अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, रोहित कसाना को प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश एवं दिग्विजय सिंह को गाजियाबाद का कार्यवाहक जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र यादव ने पत्रकारों को बताया कि पार्टी के अन्य पदाधिकारियों में मुकेश शर्मा, गिरीश मिश्रा और महेश पांडेय जिला उपाध्यक्ष गाजियाबाद के पद पर नियुक्त किया गया है। साथ ही रविंद्र कुमार को सचिव( साहिबाबाद विधानसभा के पद पर नियुक्त किया गया।

पत्रकार वार्ता में अनिल सिन्हा, योगेंद्र राय, संतोष कुमार, रंजीत शर्मा, पवन सक्सेना, अनिल श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र पांडेय, अशोक शर्मा, अजय श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, सुजीत तिवारी, अवधेश कुमार, प्रभा शंकर सिंह, रामनरेश, दीपक प्रमुख, रजनीश द्विवेदी, पिंटू यादव, कमल यादव, संजय पासवान, पन्ना लाल, गौरव कुमार, धीरेन्द्र सिंह भदौरिया, डी सी माथुर, अनिल दुबे, कन्हैया गिरी, आर पी शुक्ला, प्रमोद श्रीवास्तव, राधे श्याम, प्रदीप पाठक, राजेंद्र गौतम, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, अमित त्यागी, सियाराम यादव, श्यामवीर सिंह यादव, बी एल बत्रा, राजकुमारी, रमेश श्रीवास्तव, व्यास पांडेय, सुनील सिंह, रूपेश यादव, दीनानाथ मिश्रा, कृष्ण मोहन झा, सुशील राय, विजय सिंह, पी के सिंह, काशी नाथ, लक्ष्मण, सुबह गिरी, आर डी शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर पदाधिकारियों के बीच गाजियाबाद में होने वाले उपचुनाव के बारे में भी चर्चा की गई।



ॐ !! शोक संदेश !! ॐ

मान्यवर,

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी श्री सोमपाल शर्मा जी का स्वर्गवास दिनांक 06 जुलाई 2024 दिन शनिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। जिनकी अरिष्टि (तेरहवीं)/शोक सभा दिनांक 15 जुलाई 2024 दिन सोमवार को होनी निश्चित हुई है।

सोमवार, 15 जुलाई 2024

हवन............................प्रातः 9:00 बजे
ब्रहम भोज......................प्रातः 11:00 बजे
रस्म पगड़ी......................सांय 3:00 बजे

:: कार्यक्रम स्थल ::
श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर (मोदी मन्दिर)
मोदीनगर, जिला-गाजियाबाद

शोकाकुल परिवार :

करन शर्मा (पौत्र)
अर्जुन शर्मा (पौत्र)
मानव शर्मा (पौत्र)
एवं समस्त शर्मा परिवार

पं० सुदेश शर्मा (पुत्र)
पूर्व विधायक/पूर्व चेयरमैन
मोदीनगर, मो0- 7351111777




- क्यों कहा कहने वाले ने कि शहर सीट से चुनाव लड़ने को लेकर नदिया पार वालों के इरादे नहीं दिख रहे हैं नेक? दावेदारी की दौड़ में अब मैदान में आ गये हैं मिस्ट सलेख? उन्होनें अपने ग्रुप में कर दिय है ऐलान? कहा है 35 साल से कर रहा हूं पार्टी की सेवा? इसलिए गंभीरता से आना चाहिए मेरा नाम? अगर नहीं मानी किसी ने मेरी बात? तो फिर शहर से आकर लडूंगा मैं निर्दलीय विधानसभा का चुनाव?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा मैम्बर जब से ब्लू से हुए हैं भगवा? तब से उनको बहुत ज्यादा आ रहा है भगवा कमांडर पर प्यार? राधे श्याम का नाम लेकर चलने वाले मैम्बर ने साहिबाबाद मतदाता सम्मेलन में कमांडर के सामने प्रकट कर दिये अपने दिल के विचार? कहा हम आपकी विधानसभा से जुदाई अब ज्यादा नहीं सह सकते हैं? आपकी आज्ञा हो तो क्या हम आपको विधायक कह सकते हैं? इन शब्दों को सुनकर मुस्कुरा गया कमांडर का चेहरा इस पल को रेखकर ऐसा लग रहा था जैसे बंध गया हो उनके सर पर विधायक का सेहरा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि पूर्व मैम्बर पति त्यागी जी ने निगम में शुरू कर दिया है ठेकेदारी का काम? उनके इस किरदार को देखकर हो रहे हैं कई लोग हैरान? कहने वाले कह रहे हैं कि उन्हें तो राजनीति में आगे आकर मारने चाहिए थे शॉर्ट? टिकट नहीं हुआ तो क्या हुआ आखिर क्यों उन्होंने ठेकेदारी तक खुद को लिया रोक? कहने वाले ने कहा त्यागी जी का राजनीति में है मजबूत किरदार? क्या दिक्कत है जब वो कर रहे हैं ठेकेदारी वाला कारोबार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि आप इस बार अपनी जेब से भी खर्च करोगे तो भी वो कर देंगे आपके खर्चे पर ना? आप जाकर गोयल साहब से, खेड़ा जी से, डॉक्टर त्यागी से जाकर पूछना? कि आपके नाम की दीवार पुतवाने की मेरी है चाह? आपकी इस चाहत पर वो तुरंत लगा देंगे ब्रेक? कह देंगे हमने पहले ही पुताई कराकर अपनी दावेदारी की पुताई कर दी है? इसलिए आप ऐसा कुछ भी ना करना, रुपए चाहे 100 लगें चाहे लगे एक?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ तो ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि से राजीव भैया की कैमिस्ट्री बिगड़ी है साहब? नहीं तो वो नहीं करते बुल्डोजर के सामने धरना देने की बात? इस बात को कहने के पीछे जरूर है कोई बड़ी बात? जितना अब आक्रामक होकर दिखा रहे हैं, उतना पहले कभी नहीं हुए राजीव भाईसाहब?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा गाज़ियाबाद की राजनीति में क्यो नहीं दिखा रहे है लंबे समय से ज्यादा दखल ? इसको लेकर चचाएँ सुनाई दे रही है आजकल ? कहने वाले ने कहा, भगवा गढ़ की राजनीति में काफी कर्मठ माना जाता है ये फेस ? ओबीसी फैक्टर पर विधानसभा का टिकट देकर पार्टी को देना चाहिए मजबूत संदेश ? कहने वाले ने कहा, हमे पता है राजा भैया खुद आगे आकर नहीं माँगेंगे टिकट ? कुछ नहीं माँगने का उनका ये अंदाज क्या कर रहा है दावेदारी को विकट ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि एक पूर्व ब्राह्मण विधायक को शहर सीट से चुनाव लड़ने में नहीं है कोई हर्ज ? मगर उनका कहना है कि जैसे ही उनका हुआ टिकट, पूरी बीजेपी कर देगी उनके खिलाफ अपनी ताकत खर्च ? उनको हराने के लिए जाग जाएँगे वो भी चेहरे ? जिन्होंने अपने ऊपर बैठाए हुए है नींद के पहरे ? इस वजह से पूर्व विधायक का है चुनाव लड़ने को फिफ्टी फिफ्टी मन ? अगर हो गया उनका टिकट तो भाटी दीदी भी उनको हराने मैं लगा देंगी मन और धन ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि अधिकारी को ट्रांसफर के बाद साइड लाइन पोस्टिंग मिलेगी ? ये सिर्फ है दिल को बहलाने वाली बात ? मजा तो तब आता जब इतना शोर मचाने के बाद बड़े अधिकारी का ट्रांसफर हो गया होता साहब ? कहने वाले ने कहा, हम तो आए दिन सुन रहे है अधिकारी की ही मजबूती की चचाएं ? आ गई है तमाम ट्रांसफर वाली लिस्ट, मगर ना वो दायें हुए है और ना ही हुए है बाएं ? क्या बीत रही होगी जनप्रतिनिधि के ऊपर, इस बारे आखिर क्या बताया जाए ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे कुछ दिन पहले गर्ग साहब के खास चेहरों के नजदीक ? ये चेहरे जनरली साहब के राज्यपाल बनने की कर रहे थे जुबानी तस्दीक ? कह रहे थे जिस होगी साहब की राज्यपाल वाली घोषणा ? घोषणा के बाद गर्ग साहब स्पेशल मिलकर देंगे उनको बधाई ? वो कर रहे है इनकी घोषणा होने का शिद्दत से इंतजार ? वो बिल्कुल भी नहीं रखना चाहते है एकतरफा प्यार ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम कई बार देखते है, त्याग की भावना रखने वाले भगवा गढ़ के चौथे महामंत्री कई बार आने लगते है कमांडर के नजदीक ? काफी दिन तक तो सब सामान्य चलता है ? फिर होने लगती है दूरियों की तस्दीक ? हमने देखा रविवार को जो हुई लखनऊ में प्रदेश कार्यकारिणी, उसमे पहलवान, मिस्टर गोपाल और सुशील भैया फेविकोल के जौड़ की तरह दिखे कमांडर के साथ ? दिखी फिर यहाँ पर त्याग की भावना रखने वालों की दूरी ? ना जाने इस बार क्या रही बात ?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व मेयर अशु वर्मा इन दिनों हरित क्रांति का संदेश लेकर मैदान में हैं। वो नित्य प्रति दिन पौधा रोपण कर रहे हैं। पौधे लगाकर उनकी देखभाल का वादा भी है। पौधे जमीन पर और पोस्ट फेसबुक पर लगाना नही भूलते हैं। एक सुंदर संदेश अपनी पोस्ट से दे रहे हैं। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।